

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 329

ग्वालियर, शुक्रवार 19 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## 2024 में मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने की योजना बनने में जुटे राहुल गांधी

### 22 अगस्त को सिविल सोसायटी के सदस्यों और संगठनों से होगी मुलाकात

**नई दिल्ली।** 2024 की सियासी जंग की तैयारी जोर पकड़ती दिखने लगी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 2024 में मोदी सरकार के खिलाफ अभियान छेड़ने की योजना पर काम कर रहे हैं। वायनाड से सांसद राहुल गांधी फिलहाल उसी रणनीति पर काम कर रहे हैं, जैसी रणनीति विपक्ष ने 2014 में मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ अपनाई थी। इसके बाद यूपीए सरकार को आम चुनाव में हार का स्वाद चखना पड़ा। लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत राहुल गांधी 22 अगस्त को सिविल सोसायटी के सदस्यों और संगठनों के साथ मुलाकात करने वाले है। कांग्रेस सांसद इन संगठनों के मुद्दों को सुनकर उनपर अपने विचार रखने वाले हैं। राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा और इसके उद्देश्य पर भी सिविल सोसायटी के सदस्यों के साथ चर्चा करने वाले हैं। वहीं, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आगामी 7 सितंबर से कन्याकुमारी से शुरू होगी। अपनी यात्रा से पहले राहुल गांधी की



सिविल सोसायटी के लोगों से मुलाकात अहम मानी जा रही है। राहुल विभिन्न वर्गों के लिए काम करने वाले संगठनों और व्यक्तियों से मिलने जा रहे हैं। इसी क्रम में योगेंद्र यादव, मेधा पाटकर सहित अन्य लोगों और संगठनों से संपर्क साधा गया है। इसके अलावा भी 22 अगस्त को होने वाली मीटिंग के लिए बड़ी संख्या में लोगों से संपर्क साधा जा रहा है। गौरतलब है कि 2014 से पहले इंडिया अगेंस्ट करप्शन के बैनर तले कई संगठनों ने तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ माहौल बनाया था। तत्कालीन विपक्ष भाजपा ने यूपीए सरकार में भ्रष्टाचार और नीतिगत पंगुता के मुद्दों को उठाया था। यह वह दौर था जब एक अखिल भारतीय आंदोलन शुरू किया गया था। 2014 के चुनाव में दस साल के शासन वाली यूपीए सरकार सत्ता से बाहर हो गई थी। कांग्रेस सहित अन्य सहयोगी दलों को ऐतिहासिक पराजय का सामना करना पड़ा था। ठीक इसी तर्ज पर राहुल गांधी आम लोगों से मिलकर बीजेपी सरकार के काम के आधार पर मोदी सरकार के खिलाफ नैरेटिव बनाना चाहते हैं। कांग्रेस नेता अपने भाषणों में संवैधानिक संस्थानों के कथित दुरुपयोग, बेरोजगारी, समाज में विभाजन, किसानों के मुद्दों और अर्थव्यवस्था की स्थिति से संबंधित मुद्दों को उठाएंगे।

## बिलकिस बानो मामले में गुजरात सरकार ने केंद्र सरकार से परामर्श किया : चिदंबरम

**नई दिल्ली।** पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने बिलकिस बानो मामले में सजा में छूट पर सवाल उठाया है। चिदंबरम ने ट्वीट में कहा, कानून की तय स्थिति यह है कि इसतरह के मामले में जहां अभियोजन एजेंसी सीबीआई थी, राज्य सरकार सजा में छूट देने से पहले केंद्र सरकार से परामर्श करने के लिए बाध्य है। उन्होंने कहा कि जो स्पष्ट प्रश्न उठे, वे यह है कि क्या गुजरात सरकार ने केंद्र सरकार से परामर्श किया? इसके बाद, केंद्र सरकार का क्या विचार था? उन्होंने कहा, यह अकल्पनीय है कि गुजरात सरकार ने केंद्र सरकार के दृष्टिकोण की अवहेलना की होगी, पीएम और गृहमंत्री को इन सवालों के जवाब दें। वे चुप्पी नहीं साध सकते। दरअसल बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या में उम्रकैद की सजा पाने वाले सभी 11 दोषियों को गुजरात सरकार द्वारा अपनी छूट नीति के तहत रिहा करने की अनुमति मिलने के बाद गोधरा उप-जेल से बाहर चले गए।



## राजू श्रीवास्तव की हालत फिर गंभीर, मंदिर में 21 संत कर रहे है महामृत्युंजय जाप!

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के स्वास्थ्य को लेकर उनके परिजनों के साथ उनके प्रशंसक भी चिंतित हैं अब उनकी स्थिति को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। बुधवार की देर रात से उनकी हालत एक बार फिर से बिगड़ती हुई नज़र आई। राजू श्रीवास्तवके बड़े भाई सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि देर रात से उन्हें बार-बार दौरे पड़ रहे हैं। डॉक्टरों ने उनके सिर का सीटी स्कैन भी कराया जिसमें उनके दिमाग के एक हिस्से में सूजन दिखाई दी है। बड़े भाई सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि दिमाग में सूजन के चलते पानी मिला है। जिससे राजू की हालत अभी काफी गंभीर बनी हुई है। वहीं इस बीच राजू का हाल पूछने परिवार के लोग और कई रिश्तेदार दिल्ली एम्स भी पहुंचे हुए हैं। वहीं इस बीच राजू श्रीवास्तव की क्रिटीकल सिचुएशन देखते हुए दुआओं का जोर भी तेज है फैंस लगातार उनकी अच्छी सेहत के लिए दुआएं मांग रहे है। दरअसल, काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र का जाप हो रहा है। बता दें कि 4 दिन पहले सिंगर कैलाश खेर ने राजू श्रीवास्तव के लिए 21 संतों से मृत्युंजय जाप कराने के लिए कहा था। गौरतलब है कि 10 अगस्त 2022 को राजू श्रीवास्तव को एक जिम के अंदर ही हार्ट अटैक आया था।



# कामकाज के लिए आए बाहरी लोग भी जम्मू-कश्मीर में डाल सकेंगे वोट

### चुनाव आयोग के फैसले पर मचा बवाल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में कामकाज के सिलसिले में आए बाहरी लोग भी यहां डाल सकेंगे। चुनाव आयोग की आगामी विधानसभा चुनाव में बाहरी व्यक्तियों के वोट डालने की रिपोर्ट पर राज्य के नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी हृदेश कुमार ने बुधवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में करीब 25 लाख नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज होने की उम्मीद है। कुमार ने यह भी कहा कि मतदाता सूची में शामिल होने के लिए किसी व्यक्ति के पास जम्मू-कश्मीर का अधिवास प्रमाण पत्र होना आवश्यक नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां सामान्य रूप से रह रहे लोग भी मतदाता सूची में अपना नाम डलवा सकते हैं। निर्वाचन अधिकारी के इस बयान पर बवाल मच गया है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अबदुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि बीजेपी राज्य की स्थानीय आबादी को शक्तिहीन बनाना चाहती है।




नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया, 'क्या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जम्मू कश्मीर के वास्तविक मतदाताओं के समर्थन को लेकर इतनी असुरक्षित है कि उसे सीटें जीतने के लिए अस्थायी मतदाताओं को आयात करने की जरूरत है? जब जम्मू-कश्मीर के लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का मौका दिया जाएगा तो इनमें से कोई भी चीज भाजपा की सहायता नहीं करेगी।' वह मीडिया में आई उन खबरों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिनमें दावा किया गया है कि जो लोग काम, व्यवसाय या शिक्षा के उद्देश्य से जम्मू-कश्मीर में रह रहे हैं, वे अगले विधानसभा चुनाव में मतदान कर सकते हैं। इधर, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा, 'जम्मू कश्मीर में चुनावों को स्थगित करने संबंधी भारत सरकार का निर्णय, पहले भाजपा के पक्ष में पलड़ा झुकाने और अब गैर स्थानीय लोगों को वोट देने की अनुमति देने से चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए है। असली उद्देश्य स्थानीय लोगों को शक्तिहीन करने के लिए जम्मू-कश्मीर पर शासन जारी रखना है।' वहीं पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने इस कदम को खतरनाक करार देते हुए कहा कि यह विनाशकारी होगा। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद-370 के निरस्त होने के बाद पहली बार मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जा रहा है।

## पाकिस्तानी ड्रोन से भेजे गए हथियार और गोला-बारूद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बरामद, एक आतंकी ढेर

**जम्मू-कश्मीर।** पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास टोफ गांव में पाकिस्तान की तरफ से भेजे गए एक ड्रोन में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक 24 फरवरी 2022 को अर्निया पुलिस स्टेशन में पाकिस्तान ड्रोन द्वारा हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी के संबंध में एक केस दर्ज किया गया था। इसमें जम्मू के एक व्यक्ति को आरोपी बनाया गया था। पुलिस से पूछताछ में उसने खुलासा किया कि एक पाकिस्तानी कैदी/हैंडलर मोहम्मद अली हुसैन उर्फ कासिम पाकिस्तान की ओर से ड्रोन गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और वह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और अल बद्र का मुख्य संचालक है। इसके बाद उसे जेल से कोर्ट में पेश किया गया और बाद में पुलिस ने उसे रिमांड पर लिया। निरंतर पूछताछ के बाद पाकिस्तानी आतंकी ने आखिरकार कबूल किया कि अर्निया गांव में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन से हथियार और गोला-बारूद गिराए जाने में उसकी भूमिका है। पुलिस ने अर्निया गांव में उसके बताए हुए स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुकेश सिंह ने बताया कि हालांकि उसके बताए पहले स्थान पर कोई भी हथियार नहीं मिला लेकिन अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक फालियान मंडल में टोफ गांव के पास हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्रियों को बरामद किया गया। जब ड्रोन से गिरे एक पैकेट को खोला जा रहा था तभी आरोपी ने पुलिस अधिकारी पर हमला कर दिया और उसके सर्विस राइफल को छीन लिया।



## खास खबर

### ऑक्शन में खदीदे गए दो सूटकेसों के अंदर दो छोटे बच्चों के शव, मचा हड़कंप

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड में ऑक्शन में खदीदे गए दो सूटकेसों के अंदर दो छोटे बच्चों के शव मिलने से हड़कंप मचा है। खबर के अनुसार दक्षिण ऑकलैंड में मैनुरेवा के रहने वाले एक परिवार ने 11 अगस्त को एक ऑक्शन में बोली लगाई थी। उन्होंने पहली ही बोली में सूटकेस प्राप्त कर लिया था। जिसमें अब दो बच्चों के शव बरामद हुए हैं। न्यूजीलैंड पुलिस ने कहा कि पुलिस का मानना है कि पांच से दस साल के बच्चों के शव करीब तीन से चार साल से सूटकेस में बंद थे। दोनों ही सूटकेस एक आकर के हैं। पुलिस के मुताबिक जिस परिवार ने स्टोरेज यूनिट से यह सामान खरीदा है, वह किसी भी तरह से घटना में शामिल नहीं है। बता दें कि परिवार ने स्टोरेज लॉकर की सामग्री पर ऑनलाइन बोली लगाई थी। इन बोलियों में खरीदारों को नीलामी से पहले सामग्री के अंदर देखने की अनुमति नहीं होती है। इसके बाद यह बोली पूर्ण रूप से सामान के बाहरी रूप को देखकर ही लगाई जाती है। इसतरह के ऑक्शन्स पर कई बड़े टीवी शो भी बन चुके हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी का विश्लेषण किया जाएगा, लेकिन शवों के तीन से चार साल पुराना होने के चलते उन्हें बहुत मुश्किल हो रही है। फिलहाल बच्चों की पहचान नहीं हो सकी हैं।

### यूक्रेन में रूसी हमले के बीच ड्रैगन की नई चाल, चीनी सेना रूस भेजेगा!

**बीजिंग।** यूक्रेन में रूस के लगातार चल रहे हमले के बीच चीन अपनी चालबाजियां जारी रखे है और अब नया शिगूफा छोड़ा है कि वह अपनी सेना को रूस भेजेगा। हालांकि चीन ने कहा है कि इसका यूक्रेन युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीनी सैनिक रूस और बेलारूस व ताजिकिस्तान सहित अन्य देशों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए रूस की यात्रा करेंगे। चीनी रक्षा मंत्रालय ने कहा, ÷वार्षिक चीन-रूस सैन्य सहयोग योजना और दोनों पक्षों की सहमति के अनुसार चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी वोस्तोक (पूर्व)-2022 रणनीतिक अभ्यास में भाग लेने के लिए कुछ सैनिकों को रूस भेजेगी। लेकिन भारतीय सेना ने इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। अभ्यास में चीनी सेना की भागीदारी वर्तमान अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्थिति से संबंधित नहीं है। लेकिन भाग लेने वाले देशों की सेनाओं के साथ व्यावहारिक और मैत्रीपूर्ण सहयोग को गहरा करने, रणनीतिक समन्वय के स्तर को बढ़ाने और विभिन्न सुरक्षा खतरों से निपटने की क्षमता को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रूसी समाचार एजेंसी के अनुसार, वोस्तोक-2022 रणनीतिक कमान और स्टाफ अभ्यास रूस के जनरल स्टाफ के प्रमुख वालेरी गेरासिमोव की कमान के तहत पूर्वी सैन्य जिले के 13 प्रशिक्षण मैदानों में आयोजित किया जाएगा। अभ्यास 30 अगस्त से 5 सितंबर के बीच होने की उम्मीद है।

### सूडान में बारिश और बाढ़ संबंधी घटनाओं में 77 लोगों की मौत

**काहिरा।** सूडान में बारिश और बाढ़ संबंधी घटनाओं में 70 से अधिक लोगों की मौत हुई। वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। सूडान की राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अब्दुल जलिल अब्दुल रहीम ने बताया कि बारिश संबंधी घटनाओं में 77 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने बताया कि उत्तर कोर्डोफन, दक्षिण कोर्डोफन, जज़ीरा, दक्षिण डारफर, और रिवल नाइल सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय संबंधी कार्यालय ने सोमवार को बताया कि पूर्वी सूडान और कोर्डोफन राज्यों में बाढ़ से 1,36,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इस आंकड़े के बढ़ने की आशंका है, क्योंकि भारी बारिश अब भी जारी है।

### काबुल की मस्जिद में बम विस्फोट, मुख्य मौलवी सहित 10 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** काबुल में मस्जिद में शाम की नमाज के दौरान हुए बम विस्फोट में मुख्य मौलवी सहित कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। हालांकि, हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। शहर के खेर खन्ना मोहल्ले के रहने वाले एक आत्मघाती हमलावर ने सिद्दीकिया मस्जिद को निशाना बनाकर धमाका किया। एक चश्मदीद ने बताया कि मारे गए मौलवी मुल्ला अमीर मोहम्मद काबुली थे। उन्होंने बताया कि 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। काबुल में इतालवी आपातकालीन अस्पताल ने कहा कि पांच बच्चों सहित कम से कम 27 घायल नागरिकों को घटनास्थल से यहां लाया गया था। काबुल पुलिस प्रमुख के तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता खालिद जादरान ने उत्तरी काबुल में मस्जिद के अंदर विस्फोट की पुष्टि की, लेकिन हताहतों की संख्या की जानकारी नहीं दी। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने भी विस्फोट की निंदा की और कसम खाई कि इस तरह के अपराधों के अपराधियों को जल्द ही कठघरे में लाया जाएगा।

## समंदर के रास्ते आतंकी साजिश रायगढ़ में दो संदिग्ध नाव में मिले 3 एके-47



### जांच एजेंसियां अलर्ट पर, मुंबई में सुरक्षा कड़ी, महाराष्ट्र में अलर्ट

**मुंबई।** गुरुवार को मुंबई से करीब 200 किलोमीटर दूर रायगढ़ जिले में हरिहरेश्वर तट के पास दो संदिग्ध नाव मिली है, इस नाव में तीन एके 47 राइफल और कारतूस बरामद हुए हैं. इस घटना के बाद आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया है. हालांकि नाव में कोई आदमी नहीं था. नाव बहते हुए भारत आई है. आमतौर पर इस इलाके में पाकिस्तानी नाव मिलने की आशंका रहती है, जिससे जासूसी की जाती है. हालांकि इस मामले में अभी इस बात की पुख्ता सूचना नहीं है कि नाव पाकिस्तान की ओर से आई है या नहीं. इस मामले में और अधिक सूचना का इंतजार है. वहीं विधानसभा में इस घटना की जानकारी देते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि इस घटना की जानकारी मिलते ही नाकाबंदी कर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है. एटीएस और महाराष्ट्र पुलिस जांच में जुटी है और उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने ये भी कहा कि नाव के मालिक का पता चल गया है वो एक ऑस्ट्रेलिया नागरिक है. दूसरी नाव भरण खोल के किनारे पर मिली है. इसमें लाइफ जैकेट और कुछ डॉक्यूमेंट मिले हैं. जिले में अलर्ट जारी किया गया है. उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि नाव से 3 एके 47 राइफले मिली हैं. आधी टूटी हालत में नाव उच्च ज्वार के कारण कोकण तट की ओर आ गई, केंद्रीय एजेंसियों को सूचित किया गया है. एटीएस भी इस पर काम कर रही है, जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बल तैनात किए जाएंगे. सभी आवश्यक सावधानियां बरती गई हैं. फिलहाल किसी आतंकी एंगल की पुष्टि नहीं हुई है. सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं और पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है. उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर भारतीय कोस्ट गार्ड के साथ संपर्क करके तफ्तीश शुरू की है और इस नाव का नाम लिडिहार है. इसकी मालिक एक ऑस्ट्रेलियन महिला है और उस महिला के पति इस नाव के कप्तान हैं. ये नाव मस्कट से यूरोप की तरफ जा रही थी, नाव का इंजन खराब होने पर नाव पर मौजूद लोगों ने डिस्ट्रेस कॉल दिया. कोरियन नेवी ने फिर रेस्क्यू किया और उन्हें ओमान का सुपुर्द किया।

## महिला ने शाहनवाज हुसैन पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, दर्ज होगा केस

### हाई कोर्ट ने बोली- 3 महीने में पूरी करनी होगी जांच

**नई दिल्ली।** एक महिला ने वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन पर दुष्कर्म का आरोप लगाया जिसके चलते वे नई मुश्किल में पड़ गए है। दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन को राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने पुलिस को शाहनवाज हुसैन के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को तीन माह में जांच पूरी करने का निर्देश दिया है। बता दें कि साल 2018 में एक महिला ने शाहनवाज हुसैन पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि सभी तथ्यों को देखने से स्पष्ट होता है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने तक पुलिस की ओर से पूरी तरह से अनिच्छा नजर आ रही थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस की ओर से निचली अदालत में पेश रिपोर्ट अंतिम रिपोर्ट नहीं थी। बता दें कि निचली अदालत ने पुलिस के तर्क को खारिज कर दिया था और कहा था कि महिला की शिकायत में संज्ञेय अपराध का मामला है। पुलिस ने अदालत में रिपोर्ट पेश कर कहा था कि शाहनवाज हुसैन के खिलाफ मामला नहीं बनता लेकिन दिल्ली की रहने वाली महिला ने जनवरी 2018 में निचली अदालत में याचिका दायर कर हुसैन के खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज करने का गुजारिश की थी। महिला ने आरोप लगाया था कि शाहनवाज हुसैन ने छतरपुर फार्म हाउस में उसके साथ दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी थी। वहीं, भाजपा नेता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने न्यायालय को बताया कि दिल्ली पुलिस ने उनके मुवक्किल को क्लीन चिट दे दी थी, बावजूद इसके मजिस्ट्रेट ने प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया।



## विश्व के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के तीन शहरों में दिल्ली, कोलकाता शामिल

**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण पूरे विश्व के लिए बड़ी आफत बनता जा रहा है। शहरों में वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य पर हेल्थ इफ़ेक्ट इंस्टीट्यूट की ओर से जारी नई रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली और कोलकाता दुनिया के दो सबसे प्रदूषित शहरों में से एक हैं। दुनियाभर के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में चीन के पांच तो भारत के तीन शहर शामिल हैं। इस रिपोर्ट ने भारत की राजधानी को पीएम 2.5 के कारण प्रति 1 लाख आबादी में 106 मौतों के साथ 6वें स्थान पर रखा गया है। वहीं कोलकाता प्रति 100,000 लोगों में 99 मौतों के साथ 8वें स्थान पर आया है। चीन की राजधानी पीएम 2.5 के कारण होने वाली ऐसी 124 मौत की वजह से पहले स्थान पर है। इस अध्ययन में कुल 7,000 शहरों को शामिल किया गया था। हालांकि आबादी के अनुसार केवल 106 शहरों को ही रैंकिंग के लिए उपयोगी माना गया। वहीं एनओ2 एक्सपोज़र के लिहाज से बात करें तो टॉप 20 में एक भी भारतीय शहर शामिल नहीं है। पड़ोसी देश चीन का शंघाई शहर का एनओ2 औसत एक्सपोज़र को लेकर सबसे बुरा हाल रहा है। इस रिपोर्ट में चिंता की बात यह है कि दुनिया भर में बड़ी संख्या में वैश्विक शहरों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के पीएम2.5 और एनओ2 दोनों के मानदंडों को क्रॉस कर लिया है। रिपोर्ट में 2019 में दिल्ली का औसत पीएम 2.5 एक्सपोजर 110 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर पाया गया, जो कि 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के डब्ल्यूएचओ बेंचमार्क का 22 गुना है। कोलकाता का औसत एक्सपोजर 84 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था।



## न्यूज़ ट्रैक....

### इसी माह भारत दौरे पर आयेगी न्यूजीलैंड ए टीम

**मुम्बई** । भारत ए टीम को आने वाले समय में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों से खेलने का अवसर मिलेगा। न्यूजीलैंड की ए टीम इसी माह के अंत में भारत दौरे पर आयेगी। न्यूजीलैंड की ए टीम से भारतीय ए टीम की सीरीज अगले माह सितंबर-अक्टूबर में खेलेगी जबकि ऑस्ट्रेलिया की ए टीम नवंबर में भारत दौरे पर आएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, न्यूजीलैंड की ए टीम के साथ भारतीय ए टीम चार-दिवसीय मैचों की सीरीज खेलेगी। यह सभी लिस्ट ए मैच बेंगलुरु में होंगे। इस दौरे पर एक दिन-रात्रि टेस्ट मैच भी खेला जाएगा। भारत और न्यूजीलैंड की ए टीमों के बीच बैंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफीका दौरे के बाद से न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज इंडिया-ए टीम का पहला टूर्नामेंट होगा।एक रिपोर्ट के अनुसार, ''बीसीसीआई क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ साल के अंत में दौरे के लिए बातचीत कर रहा है। इस दौरे के नवंबर में होने की संभावना है।

### श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने रणतुंगा से 43 करोड़ रुपए का हर्जाना मांगा

**कोलंबो** । श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे अर्जुन रणतुंगा से 43 करो? रुपए का हर्जाना मांगा है। बोर्ड के अनुसार रणतुंगा ने हाल में एक साक्षात्कार के दौर बोर्ड पर झूठे, अपमानजनक आरोप लगाये थे। बोर्ड ने इस मामले में इस पूर्व कप्तान को लेटर ऑफ डिमांड भी भेजा है। बोर्ड की ओर से जारी बयान में कहा गया, रणतुंगा ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से कई बातें कहीं जिससे एसएलसी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति के खिलाफ झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाकर सार्वजनिक टिप्पणी भी की। इस कारण से समिति ने रणतुंगा को डिमांड लेटर भेजकर 43 करोड़ रुपए की मांग की है। वहीं दूसरी और रणतुंगा की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। 58 साल के रणतुंगा श्रीलंका के शीर्ष क्रिकेटरों में से एक रहे हैं। उन्होंने श्रीलंका की ओर से 93 टेस्ट मैचों में 36 की औसत से 5105 रन बनाये हैं। जिसमें 4 शतक और 38 अर्धशतक शामिल थे। वहीं एकदिवसीय क्रिकेट की बात करें, तो उन्होंने 269 मैच में 36 की औसत से 7456 रन बनाए जिसमें 4 शतक और 49 अर्धशतक शामिल थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने एआईएफएफ निलंबन मामले में सुनवाई 22 तक स्थगित की

**नई दिल्ली** । सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) निलंबन मामले पर सुनवाई 22 तक के लिए स्थगित कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आज सुनवाई के दौरान केंद्र से अंडर 17 विश्व कप के आयोजन को सुनिश्चित करने और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के निलंबन को हटाने के लिए सक्रिय कदम उठाने को कहा। इसपर केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केन्द्र अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी को लेकर विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) के साथ बातचीत कर रहा है। इसी के तहत अब तक फीफा के साथ दो बैठकें हुई हैं। इसमें विश्व कप की मेजबानी को लेकर समस्या का हल निकालने के प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले की सुनवाई 22 अगस्त तक के लिए टाल दी।

# दिव्यांगजनों को दिया जाएगा पैरा ओलंपिक्स एवं स्पेशल ओलंपिक्स के खेलों का प्रशिक्षण

**इन्दौर** । इन्दौर जिले में दिव्यांगजनों की खेल प्रतिभा को निखारने के लिये कलेक्टर श्री मनीष सिंह के निर्देशन में अनूठी पहल की जा रही है। इसके तहत दिव्यांगजनों को पैरा ओलंपिक्स एवं स्पेशल ओलंपिक्स के खेलों के निःशुल्क प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में आज यहां कलेक्टर मनीष सिंह की अध्यक्षता में जिला प्रशासन, खेल विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों और खेल संगठनों के प्रतिनिधियों आदि की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि दिव्यांगजनों की खेल प्रतिभाओं को प्रशिक्षण देने के लिए स्पोर्टस कॉम्पलेक्स बनाये जाने की योजना भी तैयार की जा रही है।

बैठक में अपर कलेक्टर अभय बेडेकर, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय सुचिता तिर्कि, जिला खेल अधिकारी रीना चौहान, अनिल भण्डारी, विक्रम पुरोहित, विक्रम अग्रिहोत्री, अनिता शर्मा, संजय मिश्रा एमराल्ड, ब्रजेश श्रीवास्तव एमपीसीए, आरपी नैय्यर इन्दौर बेडमिंटन एसोसिएशन, निलेश वैद्य टेबल टेनिस, संजय लोखण्डे, ज्ञानेन्द्र पुरोहित, संजय तोण्डे, तरूण पुण्यकर आदि उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि दिव्यांगजनों को पैरा ओलंपिक्स एवं स्पेशल ओलंपिक्स के खेलों के निःशुल्क प्रशिक्षण दिये जाने हेतु सामाजिक न्याय विभाग ने गुगल एप्लिकेशन फार्म के माध्यम से दिव्यांगजनों के नाम आमंत्रित किये है। अभी तक इन्दौर जिले के 178, जिले से अन्यंत्र 47 इस प्रकार कुल 225 नामों की प्रविष्ठियां प्राप्त हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम इन्दौर जिले के दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण में पैरा ओलंपिक्स एवं स्पेशल ओलपिक्स के खेल में भाला / गोला फेक, बैडमिण्टन, पॉवर लिफ्टिंग, शूटिंग पैरा स्पोटर्स, तीरंदाजी, टेबल टेनिस, तैराकी, साइकिलिंग, दौड / हाई जम्प, व्हीलचेयर क्रिकेट, ब्लाइण्ड क्रिकेट, मूक बधिर क्रिकेट इत्यादि का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संबंधित खेल संगठनों को चयनित दिव्यांग बच्चों की लिस्ट भेजी जायेगी। संबंधित एसोसिएशन के द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग का दायित्व जिला क्रीडा अधिकारी श्रीमती रीना चौहान को होगा। एसोसिएशन के द्वारा लिस्ट के अनुसार बच्चों एवं उनके पालकगणों से चर्चा की जाकर बच्चों को प्रशिक्षण के लिए रूपरेखा तैयार की जायेगी। खेल संकुल तैयार करने के लिए डॉ. अनिल भण्डारी, सक्षम संस्था के विक्रम अग्रिहोत्री, स्पेशल ओलंपिक्स आफ इण्डिया मध्यप्रदेश के इन्दौर के समन्वयक विक्रम पुरोहित, जिला क्रीडा अधिकारी को नामांकित किया गया है। एक सप्ताह में ये तीन पैरा ओलंपिक्स एवं स्पेशल ओलंपिक्स, क्रिकेट इत्यादि के संबंध में प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत करेंगे।

## म.प्र. राज्य रैंकिंग टेटे स्पर्धा



**इन्दौर** । म.प्र. टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान अभय प्रशाल क्लब द्वारा आयोजित प्रथम मध्य प्रदेश राज्य रेंकिग टेबल टेनिस स्पर्धा के फायनल मुकाबलों में पुरूष एकल वर्ग के संघर्षपूर्ण मुकाबले में पंकज विश्वकर्मा ने रोहन जोशी (दोनो इंदौर) को 4-2 से तथा महिला एकल फायनल में अनुषा कुटुम्बले ने खुशी जैन (दोनो इंदौर) को 4-0 से हराकर ख?िताबी सफलता अर्जित की। वहीं अंडर-13 आयु वर्ग में भव्या राव ने अद्विका अग्रवाल (दोनो इंदौर) को 3-1 से तथा अंडर-15 आयु वर्ग में भव्या राव ने सुमैया सुलतान (दोनो इंदौर) को 3-0 से हराकर स्पर्धा में दोहरा ख?िताब अपने नाम किया।

बालिका वर्ग के फायनल मुकाबलों में अंडर-11 आयु वर्ग में जाकिया सुलतान (इंदौर) ने माही राजपूत (सागर) को 3-1 से, अंडर-17 आयु वर्ग में परमी नागदेवे (भोपाल) ने भाग्यश्री दवे (इंदौर) को 3-2 से, अंडर-19 आयु वर्ग में लक्ष्या बियानी ने पुर्वांशी कोटिया (दोनो इंदौर) को 3-2 से हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

बालक वर्ग के फायनल मुकाबलों में अंडर-11 आयु वर्ग में वंश चौहान ने मयंक सादेल (दोनो इंदौर) को 3-1 से, अंडर-13 आयु वर्ग में मृदुल जोशी (उज्जैन) ने प्रजवल यादव (इंदौर) को 3-0 से, अंडर-15 आयु वर्ग में विशेष रस्तोगी ने रचित जैन (दोनो इंदौर) को 3-0 से, अंडर-17 आयु वर्ग में अनुज सोनी ने विशेष रस्तोगी (दोनो इंदौर) को 3-2, अंडर-19 आयु वर्ग में अंश गोयल ने चैतन्य करोडे को 3-1 से परास्त किया।

स्पर्धा का पुरस्कार वितरण मध्य प्रदेश ओलिपिंक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला के मुख्य आतिथ्य तथा मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के अध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के चेयरमेन नरेन्द्र कौशिक, महासचिव जयेश आचार्य, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाडी रिंकु आचार्य, इंदौर जिला सचिव नीलेश वेद, स्पर्धा सचिव गौरव पटेल, प्रमोद सोनी कि विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत नरेन्द्र शर्मा, संतोष कौशिक, योगेन्द्र सिंह चैहान, आर.सी.मोर्या, प्रशांत व्यास आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन नीलेश परदेशी ने किया व आभार गगन चंद्रावत ने व्यक्त किया।

# पाक से मुकाबले पर ध्यान देने की जगह एशिया कप जीतने का लक्ष्य रखें : गांगुली

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने टीम के कप्तान रोहित शर्मा से कहा है कि एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच पर ही ध्यान देने की जगह उन्हें खिताब जीतने का लक्ष्य रखना चाहिये। एशिया कप 27 अगस्त से यूएई में खेला जाएगा पर दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें 28 अगस्त हो होने वाले भारत-पाक मैच पर टिकी हैं। इस मैच को लेकर कितना उत्साह है उसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि केवल 2 घंटे के अंदर ही इस मैच के सारे टिकट बिक गए। गांगुली ने कहा है कि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले पर ही ध्यान देने की जगह एशिया



कप जीतने पर ध्यान देना चाहिये।

गांगुली ने कहा, 'मैं इसे एशिया कप के रुप में देख रहा हूं। मैं भारत और पाक के रूप में किसी टूर्नामेंट को नहीं देखता हूं। मैं चाहता हूं कि हमारी टीम भी इसी सोच के साथ ही एशिया कप के लिए मैदान में उतरे। मैं जब क्रिकेट खेल रहा था, तब भी पाक के साथ मैच को किसी अन्य क्रिकेट मुकाबले की तरह ही देखता था। मेरा ध्यान हमेशा ही टूर्नामेंट जीतने पर रहता था। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम काफी अच्छी है और उम्मीद है कि एशिया कप में भी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

गौरतलब है कि भारत और पाक के बीच अब तक एशिया कप में 14 मुकाबले हुए हैं। इसमें से 8 भारत ने जबकि 5 मुकाबले पाक ने जीते हैं। 28 अगस्त को 15वीं बार दोनों टीमें एशिया कप में आमने-सामने होंगी। भारत और पाक के बीच एशिया कप में लीग स्तर के बाद दो बार और मुकाबला हो सकता है। एक सुपर-फोर में दूसरा फाइनल में इन दोनों टीमों का मुकाबला हो सकता है।

## ईसीसी ने घोषित किया भारतीय पुरुष टीम का भविष्य दौरा कार्यक्रम

# इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की शृंखला होगी

**दुबई** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने साल 2023 से 2027 तक का भविष्य दौरान कार्यक्रम (एफटीपी) पारी कर दिया है। इस दौरान 12 सदस्य देश 777 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे जिनमें 173 टेस्ट, 281 एकदिवसीय और 323 टी20 मैच शामिल है। मौजूदा सत्र में टीमों ने 694 मैच खेले हैं। इस चक्र में आईसीसी की दो पुरूष टेस्ट चैम्पियनशिप, आईसीसी टूर्नामेंट और द्विपक्षीय और तीन देशों की श्रृंखलायें भी शामिल हैं। इसके तहत भारतीय पुरूष टीम 2023 से अप्रैल 2027 के बीच पांच साल में 138 द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। इसके अलावा भारतीय टीम पांच साल में 38 टेस्ट, 39 एकदिवसीय और 61 टी20 मैच खेलेगी पर



इसमें पाकिस्तान के खिलाफ कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं रखी गयी है। इस दौरान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी चार मैचों की बजाय पांच मैचों की हो गई है। भारतीय टीम इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया दोनों के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

भारत को जुलाई अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट, तीन एकदिवीसय और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला जनवरी से मार्च 2024 के बीच होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम पूर्व चक्र के कार्यक्रम के तहत अगले साल की शुरूआत में भारत में चार टेस्ट खेलेगी। भारतीय टीम 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट खेलेगी और 1991 के बाद यह पहली बार होगा। भारतीय टीम सितंबर 2024 में अपनी घरेलू धरती पर बांग्लादेश से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी।

## व्यापार न्यूज

### डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे गिरकर 79.68 पर

**मुंबई** । विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के चलते रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 23 पैसे टूटकर 79.68 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.60 पर खुला और फिर पिछले बंद के मुकाबले 23 पैसे की गिरावट दर्ज करते हुए 79.68 के भाव पर आ गया। रुपया बुधवार को 29 पैसे की तेजी के साथ डॉलर के मुकाबले 79.45 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत बढ़कर 106.64 पर आ गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.14 प्रतिशत बढ़कर 93.78 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

### नकली कॉस्मेटिक उत्पादों को बेचने के मामले फ्लिपकार्ट के खिलाफ दर्ज एफआईआर रदद

**मुंबई** । दिल्ली उच्च न्यायालय ने अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के नकली कॉस्मेटिक उत्पादों को बेचने के मामले में ई-कॉमर्स मंच फ्लिपकार्ट के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को रद्द किया है। न्यायमूर्ति आशा मेनन ने कहा कि फ्लिपकार्ट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से न्याय नहीं होने वाला हैं, जांच एजेंसी सवालों के घेरे में आए उत्पादों के अनधिकृत विक्रेताओं की पहचान का पता लगाने के लिए आगे की जांच करने के लिए स्वतंत्र है। फ्लिपकार्ट के खिलाफ अगस्त, 2020 में दिल्ली पुलिस द्वारा कॉपीराइट अधिनियम की धारा 63 (कॉपीराइट के उल्लंघन का अपराध) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।कंपनी द्वारा की गई शिकायत पर फ्लिपकार्ट के खिलाफ यह प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस कंपनी ने भारत में कॉस्मेटिक उत्पादों को बेचने का पूर्ण और विशिष्ट अधिकार होने का दावा किया है।

### क्रिप्टोकरेंसी बाजार में गिरावट

**नई दिल्ली** । क्रिप्टोकरेंसी बाजार में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली है। वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 2.70 फीसदी गिरकर 1.12 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। लगभग सभी करेंसीज़ में गिरावट देखी जा रही है। प्रमुख 20 में शामिल कुछ कॉइन्स में तो 7 फीसदी तक की गिरावट आई है। बिटकॉइन 2.45 फीसदी गिरकर 23,435.34 डॉलर पर है। दूसरे सबसे बड़े कॉइन इथेरियम पिछले 24 घंटों में 2.53 फीसदी की गिरावट के साथ 1,849.32 डॉलर पर पहुंच गया है। बाजार में बिटकॉइन का डोमिनेंस 40 प्रतिशत है, जबकि इथेरियम का प्रभुत्व 20.1 फीसदी है। इसी तरह बिटकॉइन का मार्केट कैपिटल 448.37 बिलियन डॉलर पर है तो इथेरियम का मार्केट कैप 225.74 बिलियन डॉलर है।

## कमजोर वैश्विक रुझानों से शेयर बाजार में गिरावट

# सेंसेक्स 60,000 और निफ्टी 61.85 अंक पर

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर रूझानों के चलते गुरुवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 214 अंक टूट गया। इसके साथ ही बाजार में पिछले कई दिनों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। शुरुआती सौदों में 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 214.11 अंक गिरकर 60,046.02 पर आ गया। दूसरी ओर व्यापक एनएसई निफ्टी 61.85 अंक गिरकर 17,882.40 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स में डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, सन फार्मा, विप्रो, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व और नेस्ले गिरने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और



कोटक महिंद्रा बैंक में तेजी देखी गई। अन्य एशियाई बाजारों में सोल, तोक्यो, शंघाई और हांगकांग के बाजार कमजोर थे। अमेरिकी बाजार भी बुधवार को लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स बुधवार को 417.92 अंक की तेजी के साथ 60,260.13 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 119 अंक बढ़कर 17,944.25 पर पहुंच गया। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत बढ़कर 93.74 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहंच गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,347.22 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में गिरावट

फेड रिजर्व की ओर से विकास दर में सुस्त रहने के बावजूद ब्याज दरों में और बढ़ोतरी किए जाने का संकेत मिलने के बाद अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र में बिकवाली हावी रही। निवेशकों की मुनाफावसूली की वजह से अमेरिका के बड़े शेयर बाजारों में शामिल नेस्डेक पर पिछले सत्र में 1.25 फीसदी की गिरावट दिखी थी। वहीं अमेरिका की तर्ज पर यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट दिख रही है। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज पिछले कारोबारी सत्र में 2.04 फीसदी के बड़े नुकसान पर बंद हुआ। इसके अलावा फ्रांस के शेयर बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान 0.97 फीसदी की गिरावट दिखी, जबकि लंदन स्टॉक एक्सचेंज 0.27 फीसदी के नुकसान पर बंद हुआ था।

### एशियाई बाजार कमजोरी पर खुले

**मुंबई** । एशिया के ज्यादातर शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर खुले और लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज पर 0.10 फीसदी की गिरावट देखी गई है जबकि जापान का निक्केई 0.96 फीसदी गिरावट पर कारोबार कर रहा है। ताइवान के शेयर बाजार में 0.76 फीसदी तो दक्षिण कोरिया के कॉस्?पी पर 0.56 फीसदी की गिरावट देखी गई। चीन का शंघाई कंपोजिट भी 0.14 फीसदी गिरावट पर और हांगकांग का शेयर बाजार 0.04 फीसदी के नुकसान पर है। भारतीय शेयर बाजार के लगातार बढ़त बनाने के पीछे विदेशी निवेशकों की बड़ी भूमिका है। पिछले सत्र में भी विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार में 2,347.22 करोड़ रुपए का निवेश किया, जिससे सेंसेक्स चार महीने की ऊंचाई पर पहुंच सका। हालांकि, इसी दौरान घरेलू निवेशकों ने 510.23 करोड़ रुपए के शेयर बेचकर पैसे निकाल लिए।

## देश में दूरसंचार ग्राहक जून में बढ़कर 117.29 करोड़

**नई दिल्ली** । देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या जून महीने में मामूली बढ़कर 117.29 करोड़ पर पहुंच गई। इस दौरान रिलायंस जियो से सबसे ज्यादा ग्राहक जोड़े। दूरसंचार नियामक ट्राई के आंकड़ों के अनुसार मई 2022 में ग्राहकों की संख्या 117.07 करोड़ थी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने एक रिपोर्ट में कहा ?कि देश में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या जून, 2022 में 0.19 प्रतिशत बढ़कर 1,17.29 करोड़ पहुंच गई जो मई 2022 में 117.07 करोड़ थी। वायरलेस ग्राहकों की संख्या जून में बढ़कर 114.73 करोड़ रही जो मई में 114.55 करोड़ थी। रिलायंस जियो के वायरलेस ग्राहकों की संख्या बढ़कर 41.3 करोड़ पहुंच गई। कंपनी ने 42.23 लाख नए ग्राहक जोड़े। वही भारती एयरटेल के ग्राहकों की संख्या 7.92 लाख बढ़कर 36.29 करोड़ हो गई। दूसरी तरफ, वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या में कमी जारी है। आलोच्य महीने के उसके ग्राहकों की संख्या 18 लाख कम होकर 25.66 करोड़ रही।

# ऐपल ने कर्मचारियों को सप्ताह में 3 दिन ऑफिस आने को कहा

**नई दिल्ली** । ऐपल ने अपने कैलिफोर्निया मुख्यालय के पास सांता क्लारा काउंटी में काम करने वाले कर्मचारियों को वापस ऑफिस बुला लिया है। कहा जाता है कि उन्हें सप्ताह में तीन बार ऑफिस से काम करने को कहा गया है। एपल के कर्मचारियों को गुरुवार को अपने ऑफिस जाने के लिए कहा जाएगा। व्यक्तिगत टीमें इन-पर्सन काम करने के लिए एक अतिरिक्त तीसरे दिन का चयन करेंगी। मतलब ये उन टीमें ही तय करेंगी कि उन्हें किस दिन ऑफिस में मौजूद रहना है।

यह कदम इस बात का संकेत है कि ऐपल अपने कर्मचारियों से इन-पर्सन काम कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐपल हमेशा से इन-पर्सन मीटिंग्स और डेमो का कल्चर फ़ॉलो करने पर जोर देता है। इस कल्चर से बेहतर हार्डवेयर बनाए और बेचे जा सकते हैं। इसी उद्देश्य के लिए कर्मचारियों को शारीरिक रूप से उपस्थित होना जरूरी समझा जाता है।

गर्मियों से ही एपल के कर्मचारी सप्ताह में 2 दिन अपने ऑफिस जाकर काम करते रहे हैं। एपल ने एक ऐसा सिस्टम बनाने की योजना बनाई थी, जिसमें कर्मचारी इस साल की शुरुआत में सप्ताह में तीन दिन कार्यालय से काम करेंगे। एपल के सॉफ्टवेयर प्रमुख क्रेग फेडेरिगी ने कहा कि सितंबर में कर्मचारियों को ईमेल में एपल के हाइब्रिड वर्क प्लान की जानकारी दी जाएगी और यहीं से सप्ताह में 3 दिन ऑफिस की शुरुआत होगी। हालांकि एपल के प्रतिनिधि ने इस पर कोई भी कमेंट करने से इन्कार कर दिया है।

एपल इंक ने पिछले हफ्ते अपने कई कॉन्ट्रैक्ट बेस्ड रिक्रूटर्स की छंटनी कर दी। यह कंपनी की हायरिंग में कमी और खर्चों पर लगाम लगाने की योजना का हिस्सा है। सूत्रों के मुताबिक, एपल ने इसके तहत 100 कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स की छंटनी की है। रिक्रूटर्स के पास एपल के लिए नए कर्मचारियों की भर्ती की जिम्मेदारी थी। वहीं, इस छंटनी से संकेत मिलते हैं कि कंपनी सुस्ती के दौर से गुजर रही है।

# महिंद्रा ने पेश की 5 नई इलेक्ट्रिक एसयूवी, 2024 से आएगी बाजार में

**नई दिल्ली** । स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने आधिकारिक तौर पर 5 नई इलेक्ट्रिक एसयूवी ङ्क एक्सयूवी .ई 8, एक्सयूवी .ई 9,बीई.05, बीई.07 और बीई.09 को पेश कर दिया है। जहां एक्सयूवी ईवी 2024 से हमारे बाजार में सबसे पहले आएगी, वहीं बीई रेंज सबसे पहले 2025 में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। सभी 5 इलेक्ट्रिक एसयूवी प्लेटफॉर्म और बैटरी मॉड्यूल साझा करेंगे; हालांकि, आउटपुट के मामले में सभी अलग-अलग होंगे।

उत्पादन लाइन में प्रवेश करने वाला पहला महिंद्रा बोर्न इलेक्ट्रिक मॉडल एक्सयूवी .ई 8 होगा। इसे दिसंबर 2024 में देश में लॉन्च किया जाना है। नई महिंद्रा एक्सयूवी .ई 8 इंग्लो प्लेटफॉर्म पर आधारित है जो बॉर्न इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म है। हालाँकि, इसमें महिंद्रा एक्सयूवी700 के समान मूल लेआउट और सिल्हूट और सीटों की तीन पंक्तियाँ हैं। महिंद्रा ने इसे एक्सयूवी 700 से काफी अलग दिखाने के लिए कुछ बदलाव किए हैं। यह एक ईवी जैसे फ्रंट प्रावरणी के साथ आता है, जिसमें एक पूर्ण-चौड़ाई वाली एलईडी लाइट बार और क्लोज-ऑफ फ्रंट ग्रिल है। फ्रंट में बंपर माउंटेड हेडलैम्प्स और स्कल्प्टेड बोनट है। पिछला हिस्सा काफी हद तक एक्सयूवी700 जैसा दिखता है; हालाँकि, इसमें नया बम्पर डिज़ाइन है।अनुपात के संदर्भ में, नया महिंद्रा एक्सयूवी .ई 8 4,740 मिमी लंबा, 1,900 मिमी चौड़ा और 1,760 मिमी लंबा है और इसका व्हीलबेस 2,762 मिमी है। यह एक्सयूवी700 की तुलना में लगभग 45 मिमी लंबा, 10 मिमी चौड़ा और 5 मिमी लंबा है, जबकि व्हीलबेस 7 मिमी बढ़ा हुआ है। नई एक्सयूवी .ई 8 इलेक्ट्रिक एसयूवी में ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम और 80केडब्ल्यूएच बैटरी पैक होगा। इसमें 230एचपी से 350एचपी की रेंज में पावर आउटपुट देने का दावा किया गया है। नई एक्सयूवी.ई9 इलेक्ट्रिक एसयूवी को अप्रैल 2025 तक लॉन्च किया जाएगा। यह बिल्कुल नया इलेक्ट्रिक मॉडल है, जो कूपे जैसे डिजाइन के साथ आता है।

आयामी रूप से, महिंद्रा एक्सयूवी.ई9 इलेक्ट्रिक एसयूवी की लंबाई 4,790 एमएम, जीत की चौड़ाई 1,905 एमएम और ऊंचाई 1,690एमएम होगी। यह 5-सीटर मॉडल होगा और 2,775एमएम लंबे व्हीलबेस पर चलेगा।इसमें एक फ्लैट टेल सेक्शन के साथ पीछे की तरफ कूप जैसा डिज़ाइन है। कूपे ईवी में पूरे शरीर के चारों ओर प्रमुख ग्लॉस-ब्लैक क्लैडिंग है। यह इलेक्ट्रिक एक्सयूवी .ई 8 के साथ बैटरी पैक और इलेक्ट्रिक मोटर्स को साझा करने की संभावना है।नई एक्सयूवी.ई9 की डिज़ाइन प्रेरणा एक्सयूवी ऐरो कॉन्सेप्ट से आती है. इसमें एक्सयूवी .ई 8 से एलईडी लाइटिंग एलिमेंट्स, बंपर-माउंटेड हेडलैम्प्स और क्लोज-ऑफ फ्रंट ग्रिल शेयर किए गए हैं।

# महज 19 साल की उम्र में करोड़ों कमाती है अवनीत कौर, हॉट लुक में आई नजर



जैसे कि आप सब जानते ही हैं कि टेलीविजन इंडस्ट्री में कई ऐसे कलाकार हैं, जिन्होंने बहुत ही कम उम्र में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी हो और आज वह लोगों के दिलों पर राज कर रहे हो इन्हीं में से एक है अवनीत कौर . बता दें कि अवनीत कौर अलादीन नाम तो सुना ही होगा और चंद्र नंदिनी जैसी सीरियल में काम कर चुकी है लेकिन उन्होंने बहुत ही कम उम्र में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी थी अवनीत कौर की उम्र मात्र 19 साल है लेकिन दिखने में वह काफी हॉट हो चुकी है .आए दिन वह अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर करती रहती है जिससे लोगों के बीच काफी पसंद किया जाता है. हाल ही में उन्होंने कुछ तस्वीरें शेयर कि आप इन तस्वीरों में देख सकते हो कि वह गार्डन में हॉट पोज देती हुई नजर आ रही है. अवनीत कौर का जन्म पंजाब में हुआ था। अवनीत ने 2010 में अपने करियर की शुरुआत की, वह पहली बार टेलीविजन पर दिखाई दी। जब उन्होंने रियलिटी शो, डांस इंडिया डांस ली मास्टर्स में भाग लिया, जिसमें वह शीर्ष 3 प्रतियोगियों में एक थी। फिर अवनीत रियलिटी शो, डांस के सुपरस्टार में दिखाई दी। 2012 में अवनीत ने अपना एक्टिंग का डेब्यू टीवी शो मेरी मां के साथ बाल कलाकार के रुप में टीवी पर शुरुआत की जिसमें अवनीत झिलमिल की भूमिका निभाई थी। 2012 में उन्होंने शो झलक दिखला जा सीजन-5 में भाग लिया, जिसमें अवनीत ने अभिनेता दर्शील सफरी के साथ भागीदारी की थी। वर्ष 2013 में उन्होंने जीटीवी के शाक एक मुट्ठी आसान में पाख कपूर की भूमिका में दिखाई दी थी। हमारी सिस्टर टीटी, ट्विस्टर वाला लव, चंद्र नंदिनी, अलादीन ना तो सुना होगा जैसे कई धारावाहिकों में काम किया। टेलीविजन के अलावा अवनीत ने फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया है। उन्होंने फिल्म मर्दानी में रानी मुखर्जी की भांजी का किरदार निभाग था। इस फिलम को करते समय उनकी आयु मात्र 14 वर्ष थी।

## अनुराग बसु सेट पर नटखट बच्चे की तरह होते हैं : शिल्पा शेट्टी

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने फिल्मकार अनुराग बसु, जो डांस रियलिटी शो सुपर डांसर : चैप्टर 4 में उनके साथ जज की भूमिका निभा रहे हैं, उनकी तारीफ की है। शिल्पा ने कहा है कि अनुराग का



सेट पर होना अपने आपमें मजेदार होता है। अभिनेत्री ने कहा, आपके आसपास दादा (अनुराग बसु) का होना मजेदार है। वह सेट पर एक नटखट बच्चे की तरह होते हैं। वह हमेशा हमें हंसाते रहे हैं और उनकी बोलने की एक खास शैली है, जो मनोरंजक और प्रिय है। वह कहती है कि बसु बड़े शरारती हैं और प्रैंक (मजेदार तरीके से बेवकूफ बनाना) करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा किसी न किसी प्रैंक पर कायम रहते हैं और हमारी टांग खींचने का एक मौका तलाशते रहते हैं। इसके साथ ही शिल्पा ने यह भी कहा कि हालांकि किसी भी गंभीर मुद्दे पर वह काफी स्नेह के साथ पेश आते हैं। शो में उनकी सहयोगी जज गीता के बारे में बताते हुए शिल्पा ने कहा कि वह और गीता दोनों ही बसु की कंपनी का आनंद लेते हैं। कोरियोग्राफर गीता कपूर भी शो को जज करती हैं। सुपर डांसर चैप्टर-4 27 मार्च से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## फिल्म ए थर्सडे में पुलिस की भूमिका में दिखेंगी नेहा

आरएसवीपी मूवीज ने ब्लू मंकी फिल्म्स के साथ अपनी आगामी डायरेक्ट-टू-डिजिटल थ्रिलर ए थर्सडे से नेहा धूपिया का लुक रिलीज कर दिया है। बेहजाद खंबाटा द्वारा निर्देशित और लिखित, यह फिल्म गुरुवार को होने वाली अकल्पनीय घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में प्रतिभाशाली अभिनेत्री एसीपी अल्वारेज नामक एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं जहां वह पैंट, शर्ट और ब्लेजर में अपने किरदार के लिए एकदम



परफेक्ट दिख रही हैं, जिसे नेहा ने रॉल की हुई स्लीव्स, एविएटर्स और ऊपर बंधे बालो के साथ अपना यह लुक पूरा किया है। फिल्म में एक बुद्धिमान प्ले स्कूल टीचर, नैना जेयसवाल की कहानी दिखाई गई है जो यामी गौतम द्वारा अभिनीत है और वह 16 बच्चों को बंधक बना लेती है। पहली बार यामी को एक ग्रे किरदार में दिखाते हुए, नेहा फिल्म में पुलिस वाले की भूमिका में दिखाई देंगी। ए थर्सडे के निर्माता रोनी स्करूवाला आरएसवीपी के तहत ए थर्सडे का निर्माण करेंगे क्योंकि वह हमेशा नई स्क्रिप्ट और प्रतिभाओं की तलाश में रहते हैं।

# नैना गांगुली ने तोड़ी बोल्डनेस की सारी हदें, फोटो देख नजर हटाना होगा मुश्किल




साउथ इंडस्ट्री की बेहद बोल्ड अदाकारा नैना गांगुली जो कोलकाता से हैं. कोलकाता जिसे हम सिटी ऑफ़ जॉय के नाम से जानते हैं नैना की अदाकारी के जलवे वहां काफी चर्चित हैं. नैना गांगुली ने कई मॉडल शूट्स के साथ राम गोपाल वर्मा की फिल्म भी की है. इसके अलावा भी नैना ने कई एड फिल्म्स और तेलगू फिल्मों में काफी काम किया है. नैना गांगुली ने राम गोपाल वर्मा की जिस फिल्म में काम किया था उससे प्रभावित होकर उन्होंने अपनी दूसरी फिल्म 'मेरी बेटी सनी लियोनी बनना चाहती है' में भी काम दिया था. इस फिल्म को काफी लोगों ने पसंद दिया था जिसकी वजह से उनको काफी शोहरत मिली. एक्ट्रेस नैना को इस फिल्म के अलावा भी वेब सीरीज के लिए भी जाना जाता है. एक्ट्रेस नैना गांगुली की वेब सीरीज जोहार में उनके अंदाज को देखकर को हर कोई दीवाना हो गया था. उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इस वेब सीरीज के लिए काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा था।

# केले के 5 अनूठे स्वास्थ्य लाभ हैं जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए

केला एक पौष्टिक फल है। कई अध्ययनों से पता चला है कि इससे शरीर को मजबूत रखने वाले कई लाभकारी तत्व मिलते हैं। साथ ही पाचन में सुधार करता है। कब्ज जैसी समस्याएं समाप्त हो जाती हैं, एनीमिया की घटना कम हो जाती है और प्रतिरक्षा में सुधार होता है। हालांकि, यह अंत नहीं है, यदि आप नियमित रूप से केले खाना शुरू करते हैं, तो कई और फायदे हैं।

हाल ही में अलबामा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। उनके अनुसार, यदि आप प्रतिदिन केले जैसे पोटैशियम से भरपूर फल खाना शुरू करते हैं, तो धमनियों का प्रदर्शन काफी बढ़ जाता है। नतीजतन, स्वाभाविक रूप से दिल के स्वास्थ्य में सुधार होने में देर नहीं लगती है। जब दिल ठीक से काम करना शुरू करता है, तो शरीर के बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। अब सवाल यह है कि इस फल का उपयोग हृदय के स्वास्थ्य को सुधारने के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कैसे किया जा सकता है? यहाँ कुछ हैं जिन्हें मैंने दिलचस्प पाया है:

### 1- मधुमेह को खत्म करता है:

लगभग 3 ग्राम आहार फाइबर सिर्फ केला खाने से शरीर में प्रवेश करता है। नतीजतन, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रण से बाहर जाने का मौका नहीं मिलता है। यही कारण है कि टाइप 1 और 2 मधुमेह वाले रोगियों को इस फल को खाने की सलाह दी जाती है। अगर आप इस कठिन बीमारी से दूर रहना चाहते हैं, लेकिन इस केले को नियमित रूप से खाना महत्वपूर्ण है!



### 2- पाचन में सुधार:

आयुर्वेदिक शास्त्रों के अनुसार, केले में कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो पाचन रस के स्राव को बढ़ाते हैं। परिणामस्वरूप, यह स्वाभाविक रूप से पाचन में सुधार करता है। इसलिए अगर पूजो के बाद पेट ठीक नहीं रहता है, तो आज से ही नियमित रूप से केला खाना शुरू कर दें। आपको लाभ दिखाई देगा।

### 3- त्वचा की सुंदरता बढ़ाता है:

अगर आप केला खाने के बाद केले के छिलके को चेहरे पर लगा सकते हैं, तो जैसे-जैसे त्वचा के रोग कम होंगे, त्वचा की खोई चमक वापस आ जाएगी। वास्तव में, केले के छिलके में कई लाभकारी तत्व एक विशेष भूमिका निभाते हैं। संयोग से, केले के छिलके में फायदेमंद फैटी एसिड भी इस मामले में एक विशेष भूमिका निभाते हैं।

### 4-एनीमिया जैसी बीमारियों में कमी:

केले में आयरन की एक बड़ी मात्रा होती है, जो शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं के स्तर को बढ़ाकर एनीमिया को कम करने में विशेष भूमिका निभाता है। तो जो लोग इस तरह की बीमारी से पीड़ित हैं, अगर वे लोहे के अलावा केला खा सकते हैं, तो यह एक बड़ा लाभ हो सकता है।

### 5-रक्तचाप नियंत्रण :

केले में मौजूद पोटैशियम शरीर में नमक के संतुलन को बनाए रखने में विशेष भूमिका निभाता है।

# मर्डर देखकर परेशान हो गई थीं परवीनः इमरान हाशमी



मर्डर देखकर परेशान हो गई थीं परवीनः इमरान हाशमी बॉलिवुड का सीरियल किसर ऐक्टर इमरान हाशमी ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए एक अच्छा मुकाम बना लिया है। इमरान को बॉलीवुड क?रिअर से कभी कोई दिक्कत नहीं रही है मगर इससे उनकी पर्सनल लाइफ में कई बार परेशानियां आई हैं। इमरान हाशमी ने 2006 में अपनी पुरानी गर्लफ्रेंड परवीन साहनी से शादी की थी। परवीन हमेशा लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करती हैं मगर इमरान अपनी वाइव के बारे में कई बार खुलकर बात कर चुके हैं। बॉलिवुड का सीरियल किसर ऐक्टर इमरान हाशमी ने फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए एक अच्छा मुकाम बना लिया है। इमरान को बॉलीवुड क?रिअर से कभी कोई दिक्कत नहीं रही है मगर इससे उनकी पर्सनल लाइफ में कई बार परेशानियां आई हैं। इमरान हाशमी ने 2006 में अपनी पुरानी गर्लफ्रेंड परवीन साहनी से शादी की थी। परवीन हमेशा लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करती हैं मगर इमरान अपनी वाइव के बारे में कई बार खुलकर बात कर चुके हैं। साल 2014 में कॉफी विद करण में इमरान हाशमी ने बताया था कि जब पहली बार परवीन ने उनके साथ मर्डर में उनके इंटीमेट सीन देखे तो परेशान हो गई थीं। परवीन इतनी परेशान हो गई थीं कि उन्होंने इमरान हाशमी का हाथ इतनी जोर से पकड़ा कि उसमें नाखून गढ़ गए और इमरान के हाथ से खून निकलने लगा।

# नींबू के 7 अलग-अलग फेस पैक इस सरल तरीके से बनाएं, 15 मिनट में त्वचा चमक जाएगी

गर्मियों में त्वचा की टैनिंग और सनबर्न आम समस्याएं हैं। छाता और दुपट्टा का उपयोग करने के बाद धूप भी त्वचा को परेशान कर सकती है। ऐसे मामलों में त्वचा का आंतरिक पोषण और मजबूती आवश्यक है। गर्मियों में त्वचा की देखभाल के लिए नींबू बहुत उपयोगी हो सकता है। आज हम आपके लिए 7 फेस मास्क बनाने के अलग-अलग तरीके लेकर आए हैं। यह फेस मास्क बनाने में बहुत आसान है। आपको नींबू में एक और घटक मिलाकर एक फेस मास्क बनाना है। सिर्फ 2 मिनट में फेस मास्क बनाना सीखें और इस्तेमाल करें।

### समर लिि़ ड फेस पैक

गर्मियों के मौसम में आप हर्बल चीजों का इस्तेमाल कर त्वचा को ठंडक पहुंचा सकते हैं। नींबू इसके लिए सबसे सस्ता और आसान विकल्प है। निम्नांकित चीजों को एक साथ मिलाकर आप नींबू का तरल फेस मास्क बना सकते हैं।

- आलू का रस
- ककड़ी का रस
- शहद
- एलो जूस
- दही
- टमाटर का रस
- केले

### टैनिंग की समस्या को दूर करता है

अगर त्वचा पर टैन है, तो आप इससे



छुटकारा पा सकते हैं सिर्फ 2 से 3 दिनों में। इसके लिए आप निम्नलिखित दो चीजों को मिलाकर फेस मास्क बना सकते हैं।

### 3 बड़े चम्मच खीरे का रस

- 1 चम्मच नींबू का रसः इस मिश्रण को रुई की मदद से प्रभावित जगह पर लगाएं। मिश्रण लगाने के बाद, इसे 2 से 3 मिनट तक सूखने दें और फिर मिश्रण को दूसरी बार लगाएं। आपको इस प्रक्रिया को दिन में दो बार करना होगा। दोनों समय के बीच कम से कम 4 घंटे का अंतर होना चाहिए। यह आपकी त्वचा को पूरी तरह से ठीक करने और टैनिंग की समस्या को दूर करने में मदद करेगा। नींबू और आलू दोनों ही त्वचा पर प्राकृतिक ब्लीच का काम करते हैं। इसके अलावा, अगर नींबू एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल के रूप में काम करता है, तो आलू मेलेनिन के उत्पादन को कम करता है। यह त्वचा को जल्दी निखारने में मदद करता है।
- **धूप से बचाता है:** सनबर्न से बचाव के लिए खीरे के रस और नींबू से अपनी त्वचा को पोषण दें। इस मिश्रण को दिन में एक बार त्वचा पर लगाएं। हर दिन ऐसा करने से आपकी त्वचा हाइड्रेट रहेगी और धूप और गर्मी के कारण त्वचा जल नहीं पाएगी। इसके लिए 3 चम्मच खीरे के रस और 1 चम्मच नींबू के रस को मिलाएं। इस मिश्रण को कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाएं। पहले लागू कोटिंग सूखने के बाद मिश्रण को फिर से लागू करें। पूरे मिश्रण के समाप्त होने तक उसी विधि का उपयोग करें। 15 मिनट के बाद, इसे ताजे पानी से बंद कर दें।
- **त्वचा की चमक बढ़ाता है:** त्वचा को उजला करने के लिए नींबू के रस के साथ एलोवेरा जूस मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। अब 2 से 3 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। रात को सोते समय इसका इस्तेमाल करें और रात भर इसे लगा रहने दें। आपकी त्वचा पर प्राकृतिक चमक बढ़ जाएगी। एलोवेरा जूस आपकी त्वचा को ठीक करेगा। नींबू प्राकृतिक ब्लीच के गुणों से त्वचा को पोषण देगा। इसका रोजाना इस्तेमाल करें। अगर आप चाहें तो चेहरे, गर्दन और हाथों पर भी प्रयोग करें। ऐसा इसलिए क्योंकि स्लीवलेस पहनने पर हाथों की त्वचा का रंग फीका पड़ने लगता है।
- **सूखापन दूर करता है:** शुष्क त्वचा वाली महिलाओं में इस समस्या का खतरा अधिक होता है। चिलचिलाती गर्मी और गर्म हवा के कारण त्वचा शुष्क हो जाती है और त्वचा टूटने लगती है। इससे बचाव के लिए इस नींबू के मिश्रण को चेहरे पर लगाएं।

### 1 चम्मच शहद

- 1 चम्मच नींबू का रसः इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगाएं, फिर 15 मिनट बाद चेहरा धो लें। हर दिन ऐसा करने से त्वचा शुष्क नहीं होगी और आप गर्मियों में खूबसूरत त्वचा का आनंद ले पाएंगे।
- **चिड़चिड़ापन दूर करता है:** अगर त्वचा में जलन हो रही है, तो गर्मी और धूप के कारण चेहरे पर या शरीर में कहीं और धब्बे बन जाते हैं और त्वचा निकल रही है या त्वचा फट रही है।

## कश्मीरी पंडित खौफजदा

दक्षिण कश्मीर में एक बार फिर टारगेट किलिंग का मामला सामने आया है। शोपियां में मंगलवार को आतंकियों ने दो भाइयों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। छोटेपोरा इलाके में दोनों भाई सेब के बागान में काम कर रहे थे। इस दौरान वहां कुछ आतंकी आए और फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से एक भाई की मौत हो गई। उसकी पहचान सुनील कुमार भट्ट के रूप में हुई है। वह चार बेटियों के पिता थे। वहीं, उनका भाई पीतांबर नाथ पंडित उर्फ पिंटू कुमार गंभीर रूप से घायल है, उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक टारगेटेड किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति फैलाने की नई योजना है। माना जा रहा है कि इसका मकसद, धारा 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की योजनाओं पर पानी फेरना है। 370 हटने के बाद से ही कश्मीर में टारगेटेड किलिंग कि घटनाएं बढ़ी हैं, जिसमें खास तौर पर आतंकियों ने कश्मीरी पंडितों, प्रवासी कामगारों और यहां तक कि सरकार या पुलिस में काम करने वाले उन स्थानीय मुस्लिमों को भी सॉफ्ट टागरेट बनाया है, जिन्हें वे भारत का करीबी मानते हैं। कश्मीर में हर महीने टारगेट किलिंग के पीछे आतंकवादियों पर बढ़ता मानसिक दवाब है। अगर हम मौजूदा आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो इस समय कश्मीर घाटी में सक्रिय आतंकियों की संख्या 150 से भी कम होकर रह गई है। हालांकि जम्मू-कश्मीर पुलिस इस वर्ष के अंत तक सक्रिय आतंकियों की संख्या 100 से भी नीचे लाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यही वजह है कि सक्रिय आतंकी टारगेट किलिंग को अंजाम देकर अपने गिरते मनोबल को ऊंचा करने के साथ-साथ कश्मीरी युवाओं को आतंकी संगठनों में शामिल करने की फिराक में हैं। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद धीरे-धीरे प्रदेश प्रगति के पथ की ओर बढ़ रही है। अगर हम इस समय कश्मीर की बात करें तो इस बार पर्यटकों की संख्या पहले कुछ वर्षों के मुकाबले चार गुना बढ़ गई है। कश्मीर में अब हर होटल पूरी तरह से बुक हो रहे हैं। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों के चेहरे खिले हैं। देश-विदेश से लाखों की तादाद में पर्यटक कश्मीर घूमने आ रहे हैं। यहीं बात सीमा पार बैठे आकाओं को रास नहीं आ रही है। चूंकि कश्मीर में इस समय सक्रिय आतंकियों की संख्या 150 से भी कम होकर रह गई है और कश्मीर के युवा इस बात को अच्छी तरह से समझ चुके हैं कि आतंकवाद के रास्ते पर चलकर उन्हें तबाही से ज्यादा कुछ नहीं मिलेगा। आतंकी संगठनों में नई भर्ती भी अब नाममात्र होकर रह गई है। इसी वजह से बचेखुचे आतंकी अब टारगेट किलिंग को सहारा बनाकर लोगों में खौफ बनाने में जुटे हैं। टारगेट किलिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके तहत आतंकी किसी एक व्यक्ति की पूर्ण गतिविधियों पर ध्यान रखकर उसके बारे में पूरी जानकारियां एकत्रित्त करते हैं और अंत में उसे मार देता है। इसमें आम जनता, मजदूर, पुलिस अधिकारी, स्कूल टीचर्स व कश्मीरी पंडित आदि की हत्या में शामिल हैं। टारगेट किलिंग का जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा एक बड़ा कारण यह बताया जा रहा है कि इस ऑपरेशन के पीछे आतंकवादी समूहों का हाथ है। राज्य पुलिस के अनुसार भारतीय सुरक्षा सेना बल की कड़ी निगरानी के कारण कई आतंकी जो सीमा पार से जम्मू कश्मीर में घुसने का प्रयास कर रहे हैं वो अपने प्रयासों में असफल सिद्ध हो रहे हैं जिसके कारण वे बौखला गए हैं और अपनी राह से भटके हुए स्थानीय युवकों को अपना हथियार बना रहे हैं। कहा जा राहा है कि ये आतंकी उन युवकों को बिना प्रशिक्षण के पिस्तौल मुहैया करवा देते है फिर उन्हें एक टारगेट और उसका पता दे देते हैं।

# .....मुझे ठोकर क्या लगी याद आ गए कन्हैया!

डा श्रीगोपाल नारसन

**(श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष)**

मन मे तो बहुत दिनों से था कि कभी कन्हैया की नगरी मथुरा जाया जाये लेकिन जीवन की व्यस्तता के चलते समय ही नही मिल पाता था।कुछ वर्षो पहले बहन सुनीता अग्रवाल की बिटिया की शादी का निमन्त्रण मथुरा के लिए आया तो मेरी बांछे खिल उठी।चाहता तो था मेरी युगल भी साथ चले परन्तु पारिवारिक कारणों से वह नही जा पाई और मैं अकेला ही जा पहुंचा श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा।रेलवे स्टेशन पर जैसे ही उतरा झमाझम बारिश हो रही थी।लगा जैसे कन्हैया ने ही मेरे आगमन पर बारिश कराई हो,इससे गर्मी से थोड़ी राहत भी मिली।मैं सीधे ऑटो करके विवाह मण्डम बृजवासी लैंड इन पहुंचा और वहाँ अपना बैग रखकर निकल पड़ा कान्हा की धरती को निहारने।सबसे पहले श्रीकृष्ण जन्म स्थान गया।भारी पुलिस सुरक्षा के बीच श्रद्धालुओ के मोबाइल ,कैमरे बाहर ही रखवा दिए जाते है।दो दो बार तलाशी लेकर ही जन्म स्थान पर जाने दिया जाता है।श्रीकृष्ण जन्मस्थान का मुखद्वार बहुत ही सुंदर है।द्वार पर दोनो तरफ द्वारपाल की प्रतिमाएं लगी है।यहां से होकर अंदर गया तो मुख्य श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर बने मन्दिर तक पहुंचने से पहले ही मुझे दो बार जोरदार ठोकर लगी और एक बार पैर ही फिसल गया।ठोकर की पीड़ा व पैर फिसलने से गिरने से बाल बाल बचने पर मैंने कन्हैया को याद कर उनसे मन ही मन कहा कि प्रभु मेरे साथ ऐसा क्यो हो रहा है, तभी मेरी नजर सामने लगे बोर्ड पर पड़ी जहां लिखा था कि ठोकर लगने व पैर फिसलने पर भी यदि कन्हैया को याद कर ले तो जीवन मे हुए पापो के दण्ड से व्यक्ति बच जाता है।मैं तो अचंभित हो गया अपने साथ हुई इस ठोकर लगने व पैर फिसलने की घटना के पीछे के रहस्य को जानकर।खैर ,मैंने कन्हैया के उस विराट भव्य मन्दिर के दर्शन किये, जिसे जन्माष्टमी पर टेलीविजन पर पूरी दुनिया लाइव देखटी रही है, फिर गर्भ गृह जाकर वह जेलनुमा गुफा देखी जहां देवकी ने कन्हैया को जन्म दिया था।आज भी वह स्थान किसी कालकोठरी से कम नही लगता।चूँकि कान्हा वहाँ जन्मे थे इसलिए जेल की कालकोठरी भी श्रद्धा भाव का मन्दिर बन गई।श्रीकृष्ण जन्म स्थान रूपी इस विराट व भव्य परिसर मे कई अन्य मन्दिर है और कृष्ण चबूतरा भी बना हुआ है।जन्म स्थान की दीवार से मिली मस्जिद यहां की धर्मनिरपेक्षता को परिलक्षित करती है।लेजर शो के माध्यम से जहां कृष्ण महिमा दिखाई जाती है वही भव्य झांकियो के द्वारा कृष्ण लीला के दर्शन होते है।इसके बाद श्री द्वारकाधिश्वर मन्दिर जाकर वहां की अदभुत आरती देखी और पास ही बह रही यमुना जी के दर्शन किये । जहां भी गया वहां जय श्रीकृष्णा व राधे राधे के उद्बोधन की गूंज से मन को अच्छा लगा और इच्छा हुई कि बस यही सुनता रहूं।भक्ति की इस नगरी मे एक बार जाने के बाद बार बार जाने और कन्हैया की याद मे खो जाने की ललक ही मथुरा को जीवन्त बनाये हुए है।वास्तव में योगिराज श्रीकृष्ण सोलह कला सम्पन्न देवता थे जिन्होंने अपनी सर्वगुण सम्पन्नता महाविकारी व अत्याचारी शासक कंस का वध किया और महाभारत युद्ध के समय श्रीमद् भागवत गीता के उदभव के लिए चर्चित हुए।हालांकि सच यह है कि श्रीमद् भागवत स्वयं परमात्मा का सन्देश है जो अर्जुन को धर्म की रक्षा के लिए दिया गया।श्रीकृष्ण का पूर्ण आभामण्डल ही हर किसी को लुभाता रहा है।उनका मनमोहक स्वरूप,उनकी गीत संगीत से ओत प्रोत ज्ञान मुरली,उनकी प्राकृतिक आपदा के समय गोवर्धन पर्वत के माध्यम से जनसामान्य की मदद करने की घटना ने,गरीब मित्र सुदामा का अपने राजमहल मे अतिथि सत्कार ने श्री कृष्ण को दिलो मे बसा दिया।तभी तो कही लड्डू गोपाल के रूप मे तो कही नटखट गोपाल के रूप मे,कही घनश्याम के रूप मे तो कही कन्हैया के रूप मे श्री कृष्ण विभिन्न कला दिखाते हुए नजर आते है।



श्रीकृष्ण जी महाराज जिसे पौराणिकों ने लीलाधर, रसिक, गोपी प्रेमी, कपड़े चोर, माखन चोर और न जाने क्या-क्या लिखा। जिससे उनका मनोरथ तो पूरा हो गया ।वैदिक धर्म को हिन्दू धर्म बनाने वालों ने महापुरुषों की जीवनी इस कदर बिगाड़ दी और उनमे इस तरह से संशय पैदा कर दिए जिसका फायदा हमेशा से अन्य मत के लोग उठाते आये है7

जब-जब आर्य समाज ने हमेशा अपने महापुरुषों को आरोपों से मुक्त करने का काम किया लोगों को वास्तविक सत्ता का बोद्ध कराया तब-तब उल्टा उन लोगों ने आर्य समाज पर आरोप जड़ने की कोशिश की आर्य समाज भगवान को नहीं मानता7 आर्य समाज पर आरोप लगाने वाले उन पाखंडियों ने कभी सोचा है कि योगिराज श्रीकृष्णचंद्र जी महाराज के चरित्र को किस तरह उन्होंने पेश किया लिख दिया 16 हजार गोपियाँ थी, वे छिपकर कपडे चुराने जाया करते थे, गीत बना दिए कि मनिहार का वेश बनाया श्याम चूड़ी बेचने आया, अश्लील कथा जोड़ दी कि उनके आगे पीछे करोड़ो स्त्रियाँ नाचती थी वो रासलीला रचाते थे7 यदि कोई हमारे सामने हमारे माता-पिता के बारे में ऐसी टिप्पणी करे तो क्या हम सहन करेंगे? नहीं ना! तो फिर आर्य समाज कैसे सहन करे? ऐसी स्थिति में श्री कृष्ण को समझना बहुत आवश्यक है7 श्रीकृष्ण महाभारत में एक पात्र है जिनका वर्णन सबने अपने-अपने तरीके से किया सबने कृष्ण के जीवन को खंडो में बाँट लिया सूरदास ने उन्हें बचपन से बाहर नही आने दिया सूरदास के कृष्ण कभी बच्चे से बड़े नहीं हो पाते। बड़े कृष्ण के साथ उन्हें पता नहीं क्या खतरा था? इसलिए अपनी सारी कल्पनाये उनके बचपन पर ही थोप दी? रहीम और रसखान ने उनके साथ गोपियाँ जोड़ दी, इन लोगों ने वो कृष्ण मिटा दिया जो शुभ को बचाना, अशुभ को छोड़ना सिखाता था7 कृष्ण की बांसुरी में सिवाय ध्यान और आनंद के और कुछ भी नहीं था पर मीरा के भजन में दुख खड़े हो गये पीड़ा खड़ी हो गयी। हजारों सालों तक कृष्ण के जीवन को हर किसी ने अपने तरीके से रखा भागवत कथा सुनाने लगे7 कृष्ण का असली चरित्र जो वीरता का चरित्र था जो साहस का था7 जो ज्ञान का था जो नीति का था जिसमें युद्ध की कला थी वो सब हटा दिया नकली खड़ा कर दिया जिसका नतीजा आने वाली नस्लें नपुंसक होती गयी 7 हमारी अहिंसा की बात के पीछे हमारी कायरता छुप कर बैठ गई है 7 हम नहीं लड़े, बाहरी लोग हम पर हावी हो गये, हमें गुलाम बना लिया और फिर हम उसकी फ़ौज में शामिल होकर उसकी तरफ से दूसरों से लड़ते रहे 7 हम गुलाम भी रहे और अपनी गुलामी बचाने के लिए लड़ते रहे कभी हम मुग़ल की फ़ौज में लड़े तो कभी अंग्रेज की फ़ौज में 7 नहीं लड़े तो केवल अपनी स्वतंत्रता के लिए7 फिर स्वामी दयानंद आये हमारे सामने कृष्ण के शब्दों को रखा हमें बताया कि हम लड़ तो रहे पर अपने लिए नहीं अपितु दुसरे के लिए लड़ रहे है, उठो लड़ो अपने लिए लड़ो7 योगिराज की नीति उनकी युद्ध कला को समझाया7 अर्जुन नाम मनुष्य का है कृष्ण नाम चेतना का है जो सोई चेतना को जगा दे उसी जाग्रत चेतना का नाम कृष्ण है7 जो अपने धर्म व देश के प्रति आत्मा को जगा दे उसी नाम कृष्ण है पुराणों का चश्मे से कृष्ण को नहीं समझा जा सकता7 क्योंकि वहां सिवाय मक्खन और चोरी के आरोपों के अलावा कुछ नहीं मिलेगा।


## ध्वनि तंरगों से रोगें का उपचार

यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा की ध्वनि तंरगें से भी रोगों के उपाच होते है। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तंरगों की टकराहट से सुक्ष्म जीव मर जाते है, रात्री में सूर्य की पराबैगनी किरणां के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते है जो ध्वनि तरगों की टकराहट से मर जाते है। ध्वनि तरगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविधालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घण्टा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकिंड वायु शक्ति वेग से 1200फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते है। पूर्व में मंदिरों का निमार्ण गुम्वजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अन्दर की ध्वनि बाहर नही निकलती थी, बाहर की ध्वनि अन्दर प्रवेश नही करती थी। मन्दिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घण्टा, शंख होता था। यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घण्टा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठ कर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोंगों के ठीक होने की कामना करता वह ठीक हो जाता था। इसका बैज्ञानिक कारण घण्टा -शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तंरगें बाहर न जाकर गुम्वजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते रोग ठीक हो जाते। आज भी पुराने मंदिरों में यह होता है। इसलिये सीमित मात्रा में बोलना ठीक है। ध्वनि ज्यादा मात्रा में प्रदूषण का रूप ले लेती है, जो शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हानिकारक होती है। मौन रहने में ही सुख एवं सुख मय जीवन है।

## भाजपा में बदलाव: चुनावी रणनीति या और कुछ...?

ओमप्रकाश मेहता

आज से साढ़े आठ साल पहले प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होते ही नरेन्द्र भाई मोदी ने अपने राजनीतिक गुरू लालकृष्ण आडवाणी और वरिष्ठतम नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी की भाजपा की सर्वोच्च निर्णायक समिति से छुट्टी कर दी थी, ऐसा लगता अब फिर उसी इतिहास को दोहराने की तैयारी है, जिसकी झलक भाजपा संसदीय बोर्ड और केन्द्रीय चुनाव समिति में फेरबदल से परिलक्षित हो रही है। पार्टी के परिष्ठ नेता पूर्व पार्टी अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री नितीन गड़करी तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को पार्टी के सर्वोच्च संसदीय बोर्ड से बाहर कर दिया गया, खैर शिवराज जी को हटाने के पीछे यह बहाना था कि संसदीय बोर्ड में किसी भी मुख्यमंत्री को शामिल नहीं किया गया है, इसलिए शिवराज को भी बाहर किया किंतु गड़करी जी से वरिष्ठता व अनुभव के हिसाब से पार्टी के किसी भी वरिष्ठ नेता से कम नहीं थे, फिर उन्हें किस अपराध की यह सजा दी गई? और फिर शिवराज जी की जगह मध्यप्रदेश से पूर्व सांसद सत्यनारायण जटिया का पार्टी का सर्वोच्च शाखा की सदस्यता के लिए चयन भी आश्चर्य का विषय है? यद्यपि भाजपा में हुए इस सर्वोच्च फेरबदल को कुछ लोगों द्वारा चुनावी दृष्टिकोण से और कुछ द्वारा मोदी की रणनीति के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि भाजपा ने आगामी बीस माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव की अभी से तैयारी शुरू कर दी है और अभी से पूरे प्रयास किए जा रहे है कि मोदी जी को प्रधानमंत्रीत्व का तीसरा कार्यकाल उपलब्ध करा दिया जाए, इसी नजरिये से भाजपा अब हर कदम उठा रही है और क्षेत्रिय दिग्गजों को ईनाम या सजा दी जा रही है।



भाजपा के इस फेरबदल को जहां राजनीतिक विश्लेषक सियासत को साधने की कोशिश बता रहे है और विशेष कर दक्षिण भारत में अपनी पैठ जमाने के प्रयास बता रहे है, वहीं यह भी स्पष्ट हो रहा है कि भाजपा की उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों पर भी विशेष नजर है, जहां तक दक्षिण भारत का सवाल है येदियूरप्पा के अतिरिक्त ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष और सांसद के. लक्ष्मण को विशेष तवज्जों देकर पार्टी ने दक्षिण और खासकर चुनावी राज्य तेलंगाना को भी संदेश देने की कोशिश की है इस फेरबदल में महाराष्ट्र में शिवसेना सरकार को झटका देने और पार्टी के आदेश पर उप-मुख्यमंत्री का पद स्वीकार करने वाले देवेन्द्र फड़नवीस को केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य पद का इनाम दिया है। इस समिति में राजस्थान से भूपेन्द्र यादव व ओम माथुर को शामिल कर राजस्थान का दबदबा बरकरार रखने की कोशिश की गई है। साथ ही पहली बार एक सिख नेता इकबाल सिंह लालपुरा की संसदीय बोर्ड का सदस्य मनोनीत कर यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा की नजर में अल्पसंख्यक मुस्लिम नहीं सिख है, उल्लेखनीय है कि भाजपा के संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति जैसी अहम् शाखाओं में एक भी मुस्लिम सदस्य नहीं है। जहां तक पार्टी के वरिष्ठ नेता शाहनवाज खान का सवाल है, उन्हें बिहार प्रकरण का दोषी मानकर दण्डित किया गया है।

साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि भाजपा ने अपने इस फेरबदल के जरिये एक दलित नेता सत्यनारायण जटिया को पार्टी की सर्वोच्च शाखा संसदीय बोर्ड में शामिल कर एक नया राजनीतिक संदेश देने का प्रयास किया है, वैसे भाजपा की पूरी कवायद के प्रधानमंत्री की भावी चुनावी रणनीति का हिस्सा और पार्टी के सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ नेताओं को कड़ा अनुशासनात्मक संदेश देना बताया जा रहा है। जहाँ तक मध्यप्रदेश का सवाल है, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पिछले नौ साल (2013) से पार्टी की दोनों शीर्षस्थ संस्था के सदस्य थे, जिन्हें अब हटाकर जटिया जी को सदस्य बनाया गया है, इसे भी संयोग ही कहा जाएगा कि 2006 में जब शिवराज जी को पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया था, तब जटिया जी को ही हटाकर बनाया गया था। इस फेरबदल से यह भी स्पष्ट होता है कि पार्टी के निर्णयों का सम्मान करने वालों को पार्टी सम्मानित करती है और परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री या पार्टी पदाधिकारियों पर निशाना साधने वालों को दण्डित भी करती है, जिसका ताजा उदाहरण नितीन गड़करी है, जो प्रधानमंत्री पर निशाना साधकर स्वयं राजनीति से सन्यांस लेने की बात कर चुके है। शायद उन्हें इसी गुनाह की सजा मिली है।

# अखंड भारत की राह में, सिंध के बिना हिंद अधूरा

### सूडोकु नवताल- 6166

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -6165 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

प्रहलाद सबनानी

जैसा कि सर्वविदित है कि प्राचीन भारत का इतिहास बहुत वैभवशाली रहा है। भारत माता को सही मायने में ÷सोने की चिड़िया÷ कहा जाता था एवं इस संदर्भ में भारत की ख्याति पूरे विश्व में फैली हुई थी। इसके चलते भारत माता को लूटने और इसकी धरा पर कब्जा करने के उद्देश्य से पश्चिम के रेगिस्तानी इलाकों से आने वाले मजहबी हमलावरों का वार सबसे पहले सिन्ध की वीरभूमि को ही झेलना पड़ता था। अविभाजित भारत में सिंध प्रांत को अपनी भौगोलिक स्थिति के चलते किसी जमाने में भारत का द्वार भी माना जाता था। इसी कारण से सिंध प्रांत ने अरब देशों से भारत पर होने वाले आक्रांताओं के वार भी सबसे अधिक सहे हैं। सिंध के रास्ते ही आक्रांता भारत में आते थे। सिंध की पावन भूमि वैदिक संस्कृति एवं प्राचीन सभ्यता का केंद्र रही है एवं सिंध की पावन धरा पर कई ऋषि, मुनियों एवं संत महात्माओं ने जन्म लिया है। सिंधी समुदाय को भगवान राम के वंशज के रूप में भी माना जाता है। महाभारत काल में जिस राजा जयद्रथ का उल्लेख है वो सिंधी समुदाय का ही था।

आज के बलोचिस्तान, ईरान, कराची और पूरे सिन्धु इलाके के राजा थे श्री दाहिरसेन जी। आप सिन्ध के अंतिम हिंदू शासक माने जाते हैं और आपने ही सिंध राज्य की सीमाओं का कन्नौज, कंधार, कश्मीर और कच्छ तक विस्तार किया था। आपका जन्म 663 ईसवी में हुआ था और 16 जून 712 ईसवी को इस महान भारत भूमि की रक्षा करते हुए



उन्होंने बलिदान दे दिया था। श्री दाहिरसेन जी जिन्होंने युद्धभूमि में लड़ते हुए न केवल अपनी प्राणाहुति दी बल्कि उनके शहीद होने के बाद उनकी पत्नी, बहन और दोनों पुत्रियों ने भी अपना बलिदान देकर भारत में एक नयी परम्परा का सूत्रपात किया था। राजा श्री दाहिरसेन जी एक प्रजावत्सल राजा थे। गौरक्षक के रूप में उनकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई थी। सिंध राज्य के वैभव की कहानियां सुनकर ईरान के शासक हज्जाम ने 712 ईसवी में अपने सेनापति मोहम्मद बिन कासिम को एक विशाल सेना देकर सिन्ध पर हमला करने के लिए भेजा। कासिम ने देवल के किले पर कई आक्रमण किए पर राजा श्री दाहिरसेन जी और उनके हिंदू वीरों ने हर बार उसे पीछे धकेल दिया। परंतु कई बार हारने के बावजूद अंततः मोहम्मद बिन कासिम ने अंतिम हिन्दू राजा श्री दाहिरसेन को विश्वासघात कर हरा दिया जिसके बाद सिंध को अल-हिलाज के खलीफा द्वारा अपने राज्य में शामिल कर लिया गया और खलीफा के प्रतिनिधियों द्वारा सिंध में शासन प्रशासन चलाया गया। इस्लामिक आक्रमणकारियों ने पूरे क्षेत्र में तलवार की नोंक पर लगातार हिन्दू धर्मावलम्बियों का धर्मांतरण किया और इस क्षेत्र में इस्लाम को फैलाया। समय के साथ साथ सिंध पर शासन करने वाले शासक भी बदलते रहे एवं एक समय सिंध की राजधानी थट्टा पर अत्याचारी, दुराचारी एवं कट्टर इस्लामिक आक्रमणकारी मिरखशाह का शासन स्थापित हो गया। उसने सिंध में एवं इसके आसपास के क्षेत्र में इस्लाम को फैलाने के लिए वहां के निवासियों का नरसंहार करना शुरू किया। मिरख शाह जिन सलाहकारों और मित्रों से घिरा हुआ था उन्होंने उसे सलाह दी थी कि यदि आप इस क्षेत्र में इस्लाम फैलाएंगे तो आपको मौत के बाद जन्नत या सर्वोच्च आनंद प्राप्त होगा। इस सलाह को सुनकर मिरख शाह ने उस इलाके के हिंदुओं के पंच प्रतिनिधियों को बुलाया और उन्हें आदेश दिया कि इस्लाम को गले लगाओ या मरने की तैयारी करो। मिरखशाह की धमकी से डरे हिंदुओं ने इस पर विचार करने को कुछ समय मांगा जिस पर मिरखशाह ने उन्हें 40 दिन का समय दे दिया।

अपने सामने मौत और धर्म पर आए संकट को देखते हुए सिंधी हिंदुओं ने नदी (जल) के देवता श्री वरुण देव भगवान की ओर रूख किया। चालीस दिनों तक हिंदुओं ने तपस्या की। उन्होंने ना बाल कटवाए और ना ही भोजन किया। इस दौरान उपवास कर केवल ईश्वर की स्तुति और प्रार्थना करते रहे। सिंधी हिंदुओं की प्रार्थना के बाद भगवान झूलेलाल का अवतरण इस धरा पर हुआ। भगवान झूलेलाल ने अपने चमत्कारिक जन्म और जीवन से न सिर्फ सिंधी हिंदुओं के जान-माल की रक्षा की बल्कि हिन्दू धर्म को भी बचाए रखा।

## जन्माष्टमी पर लें मन और बुद्धि को निर्मल रखने का संकल्प

योगेश कुमार गोयल

जन्माष्टमी का त्यौहार प्रतिवर्ष भाद्रपक्ष कृष्णाष्टमी को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व का भारतीय संस्कृति में इतना महत्व इसीलिए माना गया है क्योंकि श्रीकृष्ण को भारतीय संस्कृति का विलक्षण महानायक माना गया है। उनके व्यक्तित्व को जानने के लिए उनके जीवन दर्शन और अलौकिक लीलाओं को समझना जरूरी है। द्वापर युग के अंत में मथुरा में अग्रसेन नामक राजा का शासन था। उनका पुत्र था कंस, जिसने बलपूर्वक अपने पिता से सिंहासन छीन लिया और स्वयं मथुरा का राजा बन गया। कंस की बहन देवकी का विवाह यदुवंशी वसुदेव के साथ हुआ। एक दिन जब कंस देवकी को उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई, हे कंस! जिस देवकी को तू इतने प्रेम से उसकी ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसी का आठवां बालक तेरा संहारक होगा। आकाशवाणी सुन कंस घबरा गया। उसने देवकी की ससुराल पहुंचकर जीजा वसुदेव की हत्या करने के लिए तलवार खींच ली। तब देवकी ने अपने भाई कंस से निवेदन किया कि हे भाई! मेरे गर्भ से जो भी संतान होगी, उसे मैं तुम्हें सौंप दिया करूंगी, उसके साथ तुम जैसा चाहे व्यवहार करना पर मेरे सुहाग को मुझसे मत छीनो। कंस ने देवकी की विनती स्वीकार कर ली और मथुरा लौट आया तथा वसुदेव एवं देवकी को कारागार में डाल दिया। कारागार में देवकी ने अपने गर्भ से पहली संतान को जन्म दिया, जिसे कंस के सामने लाया गया। देवकी के गिड़गिड़ाने पर कंस ने आकाशवाणी के अनुसार देवकी की आठवीं संतान की बात पर विचार करके उसे छोड़ दिया पर तभी देवर्षि नारद वहां आ पहुंचे और उन्होंने कंस को समझाया कि क्या पता, यही देवकी का आठवां गर्भ हो, इसलिए शत्रु के बीज को ही नष्ट कर देना चाहिए। नारद जी की बात सुनकर कंस ने बालक को मार डाला। इस प्रकार कंस ने देवकी के गर्भ से जन्मे एक-एक कर 7 बालकों की हत्या कर दी। जब कंस को देवकी के 8वें गर्भ की सूचना मिली तो उसने बहन और जीजा पर पहरा और कड़ा कर दिया। भाद्रपक्ष की कृष्णाष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में देवकी के गर्भ से श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। उस समय घोर अंधकार छाया हुआ था तथा मूसलाधार वर्षा हो रही थी। तभी वसुदेव जी की कोठरी में अलौकिक प्रकाश हुआ। उन्होंने देखा कि शंख, चक्र, गदा और पद्मधारी चतुर्भुज भगवान उनके सामने खड़े हैं।

# धूमधाम व हर्षोल्लास से आज मनेगी जन्माष्टमी





**मुरैना।** अनेक नामों से विख्यात भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव देशभर के साथ आज मुरैना जिले में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। जन्माष्टमी के त्यौहार को देखते हुये शहर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों पर भव्य साज सजावट की गई है और मंदिरों को फूलों से सजाया जा रहा है। इससे पूर्व मंदिरों पर साफ सफाई व रंगाई पुताई का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही बाजारों में भगवान कृष्ण की अष्टधातु एवं मिट्टी तथा चीनी आदि की मूर्तियां, वस्त्र, मुकुट एवं अन्य सामग्री की दुकानें सज गई है तथा लोगों द्वारा जमकर खरीददारी की जा रही है। आज जन्माष्टमी को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग घरों में भी भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव मनाने की तैयारियों में जुट गये है। शहर के प्रमुख श्रीबांके बिहारी जी मंदिर, गिर्राजजी मंदिर महादेव नाका, श्रीरामजानकी मंदिर पर भव्य जन्मउत्सव मनाया जायेगा। जिसमें देर रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म में हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। इधर जन्माष्टमी पर किसी भी प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा कडे सुरक्षा प्रबंधों की तैयारी की जा रही है।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या में लगाई रंगारंग झांकियां



मुरैना। शहर के सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रंगारंग झांकियों का आयोजन किया गया। इन झांकियों को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। खासबात यह है कि स्कूल प्रबंधन ने स्कूल के प्रत्येक कक्ष में भगवान की लीलाओं से जुड़ी मनोरम झांकियां लगाईं। जिसमें उनके बाल रूप से लेकर महाभारत काल तक वर्णन किया गया था। रासलीला और विष्णु स्वरूप की झांकी को देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। इस दौरान झूला झांकी, माखन चोरी, संदीपनी आश्रम, कृष्ण महारास, शंकर जी की बारात जैसी झांकी शामिल रहीं। इस आयोजन की संयोजक मीरा गोलस, अनीता सिकरवार रहीं। वहीं निर्णायक के रूप में मोनिका कंषाना, मधु गुप्ता, कंचन गुप्ता शामिल रहीं। इन झांकियों में दो सैंकड़ा स्कूली बच्चों ने भाग लिया। जिनका सभी निर्णायकों ने अवलोकन किया।

## जन्माष्टमी पर टीएसएस स्कूल में बच्चों ने किया बाल-लीला का प्रदर्शन

**मुरैना।** शुक्रवार को मनाई जाने वाली श्री कृष्ण जन्माष्टमी से 1 दिन पूर्व गुरुवार को स्थानीय टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल मुरैना में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जेसीआई जागृति संस्था की अध्यक्ष मधु सिंघल, सचिव ज्योति मोदी और सीनियर मेंबर लता गोयल ने उपस्थित रहकर कृष्ण बाल लीलाओं का आनंद लिया। कृष्ण बाल लीला को विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बड़े ही मनोहर तरीके से प्रस्तुत किया। छात्रों के द्वारा कृष्ण बाल लीलाओं के अद्भुत प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ ईश्वर की भक्ति में पूर्ण आस्था है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कृष्ण जन्माष्टमी की सभी को शुभकामनाएं दी और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अद्भुत प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




## एच एल बचपन स्कूल जौरा में मना जन्माष्टमी का पर्व

**जौरा।** एचएल ग्रुप के एक प्रतिष्ठान एचएल बचपन स्कूल में श्री कृष्ण जन्म का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बालक बालिकाओं ने भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की व विभिन्न प्रकार की भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी मंचन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती दीपाली खुराना ने बताया कि ऐसी क्रियात्मक आयोजनों से एक ओर जहां हम अपनी संस्कृति को जीवित बनाए हुए हैं। वहीं दूसरी ओर विद्यालय के माध्यम से बच्चों में सकारात्मक क्रिएटिविटी को बल मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका दीपाली खुराना, हेमलता शर्मा, अंजना जैन, अंकिता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, सीमा यादव, आरती गुप्ता, रोहिणी मिश्रा, राधा गोयल उपस्थित थे।



## आचार्य आनंद टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

**अम्बाह।** चंबल नदी के जलस्तर बढ़ने से चंबल किनारे बसे ग्रामीणों के लिए बाढ़ का खतरा उत्पन्न होते ही प्रशासन के अलर्ट के बाद ग्रामीणों की मदद के लिए पहुंचे आचार्य आंगन टीम के साथियों ने घेर गांव के मजरा कंचनपुरा और विश्वेश्वर का पुरा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आने वाले परिजनों का सामान निकलवा कर ट्रैक्टर ट्राली में भरवाया और उन्हें दूर सुरक्षित स्थान के लिए रवाना किया। जैसे ही प्रशासन द्वारा चंबल किनारे बसे गांव में चंबल नदी के निरंतर जलस्तर बढ़ने की सूचना दी गई गांव वासी सचेत हो गए और उन्होंने यह खबर समाजसेवी संस्था आचार्य आनंद टीम को दी। जिस पर आचार्य आनंद टीम के साथियों सुधीर आचार्य, अरविंद मावई, बालकृष्ण शर्मा, दुष्यंत सिंह तोमर महेंद्र सखवार ने आज प्रातः 6 बजे गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से बात की और तत्काल उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेजने का निर्णय लिया।

कंचनपुरा और विश्वेश्वर का पूरा गांव के लिए आवागमन भी सहज ना होने पर आचार्य आनंद टीम ने ट्रैक्टर की व्यवस्था की और टीम के प्रमुख सदस्य अरविंद मावई ने पूरी टीम को ट्रैक्टर पर सवार करके कंचन पुरा पहुंचाया। ग्रामीण और परिजनों को बाढ़ डूब क्षेत्र से निकाल कर सुरक्षित शासकीय विद्यालयों में पहुंचाने में आचार्य आंनन्द टीम ने भरपूर मदद की। यहां उल्लेखनीय है कि आचार्य आनन्द टीम 2019 और 2021 में आई भीषण बाढ़ में भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर सेवा कार्य करती रही है।



## चंबल किनारे बसे गांव बाढ़ की चपेट में, मुख्यालय से संपर्क टूटा

**कैलारस।** ग्राम पंचायत बर्रेण्ड, ग्राम पंचायत सिंगरौली, चिन्नौनी चंबल एवं और तिंदोखर सभी गांवों के मजरा चंबल के किनारे बसे गांव अधिक पानी आने से बाढ़ की चपेट में हैं। बताया जाता है कि बाढ़ आने के कारण ग्राम पंचायत मुख्यालय से संपर्क टूट गया है और यहां के ग्रामीण खाने पीने को परेशान हो रहे हैं। सभी और पानी होने के कारण ग्रामीण वहां से निकल नहीं पा रहे हैं और ना ही खाने-पीने का सामान जुटा पा रहे हैं। ग्राम वेदपुरा, बिरजा का पुरा, चिन्नौनी पंचायत के नीचे बसे आमलीपुरा मैं एक दर्जन मल्ला केवट के मजरा है, जिनका अपनी पंचायत मुख्यालय से संपर्क टूट चुका है। ग्रामीणों द्वारा शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगाई जा रही है लेकिन अभी तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी और कोई जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की मदद करने के लिए नहीं पहुंचा है। बताया जाता है कि चारों ओर पानी भरने से स्कूल के कर्मचारी भी नहीं निकल पा रहे और वह गिर चुके हैं वहीं प्रशासन द्वारा भी उन्हें निकालने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई मुहिम नहीं चलाई गई है, इसलिए खाने-पीने के सामान के लिए भी परेशानी हो रही है। इस संबंध में एसडीएम जौरा से चर्चा की गई। उन्होनै कहा मैंने जनपद सीओ को निर्देश दिये हैं कि मल्लाह केवट के खाने-पीने की व्यवस्था करें। एसडीएम के द्वारा सीओ को निर्देश दिए जाने के बाद भी गुरुवार की दोपहर तक कोई भी अधिकारी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा है।



## बच्चों के अधिकारों का हनन करना कानूनन अपराध हैं: नितिन

### चाइल्ड लाइन 1098 द्वारा महाराजपुर में किया ओपन हाउस कार्यक्रम

**मुरैना।** चाइल्ड लाइन मुरैना द्वारा ग्राम महाराजपुर वार्ड क्रमांक 47 में ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन सेंटर कोऑर्डिनेटर नितिन शिवहरे द्वारा जन समुदाय को बताया गया कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। संविधान में बच्चों को प्रमुख अधिकार दिए गए हैं, अगर कोई भी बच्चों के अधिकारों का हनन करता है तो यह कानूनन अपराध है, इसके लिए उस व्यक्ति को कठोर सजा दी जा सकती है। अगर 0 से 18 साल तक का कोई भी बच्चा किसी भी कठिन परिस्थिति में हैं तो बच्चों की मदद के लिए भारत सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के उपक्रम चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन के टोल फ्री नंबर 1098 पर कभी भी फोन करके बच्चों की सहायता के लिए मदद ले सकते हैं। किसी के द्वारा अगर 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कराया जा रहा है तो यह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनन अपराध है। ऐसे विवाह में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 2 वर्ष की सजा या एक लाख रुपए का जुर्माना या फिर दोनों हो सकते हैं। आपके आस पास अगर ऐसा कोई विवाह किया जा रहा है तो इसकी सूचना तत्काल चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर दें। जानकारी देने वाले का नाम और नंबर हमेशा गुप्त रखा जाता है। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य जितेंद्र दंडोतिया के द्वारा बच्चों को बताया गया कि घर से बाहर जाते समय अपने परिवार के सदस्यों का मोबाइल नंबर जरूर याद रखें जिससे कोई भी परेशानी होने पर तुरंत सूचना दे सकें और किसी अजनबी व्यक्ति द्वारा आपसे कोई गलत व्यवहार या छूने की कोशिश करने पर तुरंत शोर मचा कर सभी को बताएं और ऐसे लोगो पर कार्यवाही के लिए चाइल्ड लाइन की मदद अवश्य लें। महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी रविकांत दुबे द्वारा वहां उपस्थित सभी को बताया गया कि कोई भी असहाय, बेसहारा बच्चा आपको दिखे तो आप महिला एवं बाल विकास के ऑफिस आकर या चाइल्ड लाइन के टोल फ्री नंबर 1098 पर तुरंत सूचना दें। जिससे समय पर बच्चे की मदद की जा सके। भारत सरकार द्वारा बच्चों के लिए तमाम योजनाएं संचालित हैं। विशेष किशोर पुलिस इकाई दल से ओम प्रकाश चतुर्वेदी द्वारा सभी को बताया गया कि बच्चों के लिए शासन प्रशासन बहुत काम कर रहा है, अगर बच्चों को कभी भी कोई भी परेशानी आए तो वे तुरंत 100 डायल या चाइल्ड लाइन नंबर 1098 पर फोन करें पूरी टीम 24 घंटे आपकी मदद को तत्पर रहेगी। इस अवसर पर चाइल्ड लाइन 1098 टीम से उपस्थित टीम सदस्य राकेश कुमार, अर्पित सिंह, कारण सिंह, सीमा राजा बुंदेला, द्वारा उपस्थित सभी लोगों को पॉक्सो एक्ट एवं जेजे एक्ट के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।




## डाक विभाग की क्विज प्रतियोगिता में ब्राइट कैरियर टीम ने बाजी मारी

**अम्बाह।** राष्ट्रीय डाक विभाग की डाक टिकट संग्रह (फिले टली) अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में ब्राइट कैरियर टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में कुल 6 टीमों ने भागीदारी की। जिनमें हार्वर्ड टीम द्वितीय और डिक्शनरी टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के शुभारंभ में पोस्ट ऑफिस डाक विभाग मुरैना से चीफ एग्जीक्यूटिव इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक श्वेता सिंह, मैनेजर शिवांगी मिश्रा, स्पेक्टर ऑफ पोस्ट ऑफिस एम एल शर्मा, पोस्ट मास्टर के जी कुशवाह कोमल वर्मा ब्रांच पोस्ट मास्टर आकाश सिंह, शिक्षाविद् डॉ सुधीर आचार्य मंचासीन थे। इस अवसर पर एम एल शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को डाक विभाग के इतिहास और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से परिचित कराने के लिए एवं डाक टिकट संग्रह से होने वाले लाभों से परिचित कराने हेतु यह आयोजन किया गया इसी के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है और दीनदयाल उपाध्याय इस पर श्री लेखन के अंतर्गत आलेख आमंत्रित किए गए हैं। गुरूवार के आयोजन में हुई क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार भी वितरित किए। क्विज प्रतियोगिता के फाइनल में मास्टर प्रतीक्षा मंगल, अर्जुन सिंह तोमर, गौरव शर्मा, स्कोरर, लोकेन्द्रसिंह और संचालक आकाश त्यागी की मुख्य भूमिका रही।



## अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल 16 वें दिन जारी रही

**कैलारस।** नगर कैलारस के अंतर्गत ब्रॉडगेज के कार्य में अस्पताल आने जाने के लिए 10 हजार की आबादी के वास्ते अंडर ब्रिज(सव वे) बनाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल 16 वें दिन भी जारी रही। गुरूवार को भूख हड़ताल पर बैठने वालों में दर्शन जाटव, नरगिस खान, विजय सिंह जाटव, गफ्फार खान, कन्हैया जाटव आदि प्रमुख रहे।

इनको बस्ती के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा माल्यार्पण कर बिठाया गया। इस आंदोलन पर नगर के वरिष्ठ नेता गणों द्वारा मांग का समर्थन व्यक्त किया है। स्थानीय विधायक सूबेदार सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक तिवारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज उपाध्याय सहित कई वरिष्ठ नेता गण मांग का समर्थन करते हुए आंदोलन का समर्थन व्यक्त कर चुके हैं। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री गण, अधिकारियों तथा कलेक्टर आदि सभी को आवेदन व ज्ञापन प्रस्तुत किए गए हैं। अभी हाल ही में डीआरएम उत्तर सेंट्रल रेलवे झांसी को भी ज्ञापन दिया गया है। नागरिकों की ओर से मुख्यमंत्री के नाम भी ज्ञापन प्रेषित किया गया है। नागरिकों की मांग है कि मरीजों के अस्पताल जाने के लिए तथा सामने की बस्ती के नागरिकों को असमय शमशान और कब्रिस्तान जाने के लिए अंडर ब्रिज (सब-वे) मनाया जाना आवश्यक है। इस रास्ते से विगत 50 वर्षों से नागरिकों का परम्परागत रूप से आवागमन है। कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने का भी बस्ती वासियों ने संकल्प दुहराया है।



# गोहद में हुई लूट व हत्या की घटना का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** पुलिस अधीक्षक शेलेन्द्र सिंह चौहान, अति. पुलिस अधीक्षक महोदय कमलेश कुमार के निर्देशन एवं एसडीओपी गोहद सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में भिण्ड पुलिस ने दिनांक 14/08/22 को थाना गोहद क्षेत्र के मुख्य बाजार में दिन दहाड़े अज्ञात बदमाशों द्वारा की गयी लूट व हत्या की घटना का खुलासा कर घटना में सम्मिलित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं

दिनांक 14.08.22 को रामकुमार गोयल उम्र करीब 70 साल निवासी बार्ड क्रमांक 11 पॉस्ट ऑफिस के सामने गोहद के घर पर तीन अज्ञात बदमाश जिसमें से दो पुलिस की वर्दी में तथा एक सादा कपड़ो में शाम 4.30 बजे के लगभग घर के अंदर घुसे, घर में रामकुमार गोयल तथा उसकी लडकी रिन्की उम्र 28 साल थे तीनों बदमाशों ने घर में घुस कर रामकुमार गोयल से उसके लड़के लक्की के बारे में पूछा तथा दोनो को घर के अंदर ले गये और रामकुमार तथा उसकी लडकी के हाथ पैर बांध के मूह में कपड़ा ठूंस दिया व घर में रखी 15 लाख रूपये नगदी व सोने चाँदी के आभूषण लूट कर ले गये। घटना के कुछ समय पश्चात पडोसियों की मदद से रामकुमार तथा उसकी पुत्री को बंधन से मुक्त कराया तथा लडकी रिंकी बेहोश अवस्था में होने से उसे इलाज के लिये सीएचसी गोहद में ले गये जहाँ डॉक्टरों द्वारा लडकी को मृत घोषित कर दिया गया जिस पर फरियादी रामकुमार गोयल की रिपोर्ट पर थाना गोहद में अप.क्र. 269/22 धारा 394,302,34 भादवि एवं 11.13 एमपीडीपीके अधि. के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता तथा संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड के द्वारा एक विशेष टीम का गठन कर अज्ञात आरोपियों की पतारसी हेतु भरसक प्रयास प्रारम्भ किये गये। पुलिस अधीक्षक महोदय के निरंतर मार्गदर्शन में टीम के सभी सदस्यों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कस्बे के लगभग सभी सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग को चैक किया तथा जानकारी एकत्र की। जिसमें पता चला कि घटना कारित करने के बाद तीनों बदमाश सफेद रंग की विना नम्बर प्लेट की अपाचे मोटर सायकल पर फरार हुए हैं। किन्तु सीसीटीव्ही फुटेज से किसी भी बदमाश की पहचान नहीं हो सकी। दिनांक 15/08/22 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि घटना के कुछ दिन पहले सोने चाँदी की कारीगरी करने वाले रामू उर्फ रामानन्द सोनी जिसकी साहू वाली गली रघुनाथ जी का बाडा गोहद पर दुकान है के यहाँ कुछ अज्ञात लोगों का आना जाना हुआ है जिनकी गतिविधियाँ संदिग्ध थी जिस पर तस्दीक हेतु रामू उर्फ रामानन्द सोनी को थाना गोहद में बुला कर विस्तृत पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसके ऊपर काफी कर्जा था जिसे चुकाने के लिये उसने कमली उर्फ कबिलास गुर्जर पुत्र सुजान सिंह गुर्जर निवासी ग्राम बनीपुरा, योगेश बैसला, बृजेश कौशल, बालेन्द्र सिंह गुर्जर एवं एक अन्य व्यक्ति जिसे वह नहीं जानता है के साथ मिल कर रामकुमार गोयल के घर पर डकैती डालने की योजना बनाई थी तथा बदमाशों को रामकुमार गोयल का घर दिखाया था। उक्त डकैती के लिये आरोपी योगेश बैसला ने गोहद से ही एक सफेद रंग की अपाचे मोटर सायकल का इंतजाम किया तथा योगेश बैसला, बृजेश कौशल व एक अन्य साथी के साथ मिल कर दिनांक 14.08.2022 को पुलिस की वर्दी का इस्तेमाल कर लूट एवं हत्या की घटना को अंजाम दिया। पूछताछ पर रामू सोनी ने लूटे गये रूपयों में से एक लाख रूपये स्वयं के घर पर छुपा कर रखना बताया जिस पर आरोपी रामू उर्फ रामानन्द सोनी को गिरफ्तार कर लूटे गये रूपये आरोपी के घर से बरामद किये गये तथा घटना में प्रयुक्त अन्य साक्ष्य भी आरोपी के घर व दुकान से एकत्रित किये गये तथा घटना के अन्य आरोपियों की तलाश के दौरान तत्परता से आरोपी कपिलाश उर्फ कपिला गुर्जर नि. बनीपुरा थाना गोहद पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी कपिलाश ने रामू सोनी द्वारा बताई गई घटना की पुष्टी की। घटना में सम्मलित आरोपी योगेश वैसला, बृजेश कौशल तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। उक्त घटना के आरोपी योगेश बैसला, कबिलास गुर्जर एवं वृजेश कौशल अन्तर्राज्यीय शातिर अपराधी हैं जिनके विरुध्द म.प्र., उ.प्र., हरियाणा व अन्य राज्यों के कई जिलों में लूट व चोरी के अपराध पंजीबध्द हैं। हाल ही मथुरा (उ.प्र.) में एक फॉर्चूनर गाडी की लूट की घटना में वांछित हैं।







# भावरी रुपावास मुख्य सड़क मार्ग पटरी निर्माण को लेकर जिला कलेक्टर को प्रधान ने दिया ज्ञापन

**पुष्पांजलीं टुडे**

**पाली।** पाली पंचायत समिति प्रधान मोहनी पुखराज पटेल ने अपने क्षेत्र के विभिन्न जनसमस्याओं के साथ-साथ रुपावास से भावरी के मुख्य सड़क मार्ग के दोनों साइड की पटरी निर्माण को लेकर पंचायत समिति भवन में पाली जिला कलेक्टर आईएएस नमित मेहता को ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया । निर्देश जारी कर मुख्य सड़क मार्ग निर्माण कार्य पूर्ण करवाया जाए। पाली पंचायत समिति प्रधान पटेल में जिला कलेक्टर को बताया कि बारिश के समय में भावरी रुपावास मुख्य सड़क मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों सहित राहगीरों को भारी परेशानी हो रही हैं। इसी रोड पर कई बार दुर्घटना की घटनाएं हो चुकी हैं। संबंधित विभाग को कई बार सूचित किया गया लेकिन पटरी निर्माण कार्य नहीं किया गया।पाली शहर के लिए यह मुख्य सड़क मार्ग हैं जिससे प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। इस दरमियान पाली जिला कलेक्टर आईएएस नमित मेहता से मुख्य सड़क मार्ग की दोनों साइड की पटरी निर्माण के लिए अवगत कराया गया।। इस दौरान पाली पंचायत समिति विकास अधिकारी मोहनलाल चौधरी प्रधान प्रतिनिधि किसान नेता पुखराज पटेल मौजूद थे।





# रुपावास में लम्पी संक्रमण वायरस को लेकर घर घर जाकर पशु चिकित्सकों ने किया उपचार

**नरेश कुमार सीरवी पुष्पांजलीं टुडे**

**पाली** । रुपावास में लम्पी संक्रमण वायरस को लेकर गोवंश बचाने में पशु चिकित्सा विभाग पंचायत राज विभाग पंचायत राज विभाग से ग्राम पंचायत एवं भामाशाह के जन सहयोग से गोवंश को रोग प्रतिरोधक क्षमता इम्युनिटी बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक सहित विभिन्न तत्वों से मिश्रित शुद्ध देसी पोस्टिक लड्डू बनाकर गोवंश को खिलाया गया। वहीं गांव के गली मोहल्ले घरों में बेसहारा मवेशियों पर फिटकरी व फिनायल मिश्रित घोल बनाकर छिड़काव किया गया। पशु चिकित्सकों के दल ने लंपी से पीड़ित गोवंश को चिन्हित कर टीकाकरण किया गया। पशु चिकित्सकों ने मौजूद उपस्थित ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार को लेकर जानकारी दी गई। इस मौके पर सरपंच सुरेश बंजारा। डॉ मनीष यादव ।डॉ संजय रोटे ।डॉक्टर नरेंद्र खंडेलवाल ।भामाशाह हरि भाई पटेल ।पुखराज मालवी। नारायण सुथार ।धनराज। देवेन्द्र पटेल। खीमाराम ।कानाराम ।पुनाराम। जसराज ।नारायण लाल। गिरधारी लाल सोलंकी ।चौथाराम। जितेंद्र पवार। दुर्गा राम देवासी ।रमेश सेन। सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।







# अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने शिवपुरी पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन दिया


## कोलारस ग्राम पंचायत खरेह में भाजपा नेता पीतम सिंह लोधी ने ब्राह्मण समाज पर की अभद्र टिप्पणी

**राकेश परिहार,पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,**भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पीतम सिंह लोधी ने कोलारस तहसील ग्राम पंचायत खरेह में जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश में ब्राह्मण समाज पर अमर्यादित टिप्पणी की है जिसमें ना कि शिवपुरी जिले बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा तत्काल प्रभाव की अपराधिक पुलिस प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग की जा रही है आज पिछोर नगर में भी ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा चक्का जाम किया गया व ब्राह्मण समाज आक्रोश में जिले भर में हर जगह भाजपा प्रत्याशी पीतम सिंह लोधी के पुतले फुके गए और मुर्दाबाद के नारे लगाए गए इसी क्रम में पिछोर थाना ब्राह्मण समाज एकाग्रत हुई और पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के नाम का एफ आई आर हेतु ज्ञापन दिया पिछोर एसडीएम के लिए व नगर परिषद पिछोर की वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे







# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का होगा 24 अगस्त को आयोजन - डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला शिवपुरी द्वारा डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल के मार्गदर्शन मे दिनांक 24 अगस्त 2022 को साइंस कॉलेज शिवपुरी मे जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन होगा , जिस संबंध मे आज दिनांक 18.08.2022 को जिला पंचायत सभागार मे कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न कमेटी के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण जिले मे शासकीय एवं अशासकीय शालाओ से 250 छात्रों के दल का पंजीयन किया गया जिसमे 3 छात्र एवं शिक्षक शामिल रहेगे । प्रतियोगिता मे से लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित 6 दल औडीयो, विजुअल परीक्षा के उपरांत 1 दल का चयन कर प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिता मे शामिल करने हेतु भेजा जाएगा । प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु जिला स्तर से विभिन्न दलों का गठन निम्न अनुसार किया गया जिसमे कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु एस डी एम शिवपुरी गणेश जयसवाल, क्विज कोर कमेटी मे डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल एवं दल, विदुव्त व्यवस्था हेतु पी आर पाराशर , क्विज प्रतियोगिता हेतु सभी दलों का पंजीयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी संजय श्रीवास्तव , बैठक व्यवस्था हेतु महेंद्र जाटव प्राचार्य पी जी कॉलेज शिवपुरी , सास्कृतिक कार्यक्रम निर्धारण थीम पर प्रस्तुतिकरण हेतु विमल श्रीवास्तव सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी , अंगद सिंह तोमर बी आर सी सी शिवपुरी , दोनों पालियो मे सम्पूर्ण क्विज प्रतियोगिता हेतु ड्यूटी आदेश हेतु राकेश कुलश्रेष्ठ प्राचार्य सी एम राइज उत्कृष्ट कोलारस उपहार हेतु सोरभ गौड़ सी एम ओ बदरवास, अतिथि आगमन हेतु रिजवाना खान पंजीयन हेतु रामेश्वर गुप्ता राजेन्द्र चहार , दिनकर नीखरा , बैठक व्यवस्था समिति बसंत श्रीवास्तव भोजन व्यवस्था हेतु महेंद्र सिंह तोमर जिला खेल अधिकारी, पुरुस्कार वितरण समिति हेतु बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर, बेनर पोस्टर एवं अन्य व्यवस्था , चिकित्सा समिति हेतु पवन जैन मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिवपुरी , प्रचार प्रसार समिति हेतु प्रियंका शर्मा जिला संपर्क अधिकारी , सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु अशासकीय शाला गीता पव्लिक स्कूल , हैप्पी डेज स्कूल एवं ईस्टर्न हाईट्स स्कूल द्वारा विभिन्न थीम पर सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं नाट्य मंचन किया जाएगा साथ ही कोटिल्य अकेडमी ग्वालियर से डॉ. तरुण शर्मा, प्रतियोगिता मे आए सभी छात्रों को केरियर काउंसलिंग से संबंधित सेमीनार पर चर्चा करेंगे । कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा जिसमे पंजीयन प्रातः 08ः00 से 10ः00 लिखित परीक्षा 10 से 12 तक , भोजन तथा मूल्यांकन कार्य 12 से 2ः30 तक एवं इसी दौरान केरियर काउंसलिंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 1 से 2ः30 तक तथा क्विज प्रतियोगिता (मल्टी मीडिया) 2ः30 से 4ः30 तक तथा पधारे हुए मुख्य अथितियों द्वारा पुरुकार वितरण 4ः30 से 5 ः30 तक । प्रथम स्थान पाने बाली टीम जिले का प्रतिनिधित्व प्रदेश स्तर पर करेगी हेतु सामग्री वितरण दिनांक 22 अगस्त को किया जाएगा ।



# सभी बीएलओ, मतदाताओं के आधार लिंक शीघ्र करें- एसडीएम

## करैरा अनुविभाग के सभी बीएलओ को दिया आधार लिंक कराने हेतु प्रशिक्षण

## 4 बीएलओ को प्रशंसा एवं 19 को नोटिस जारी

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में विधानसभा स्तरीय बीएलओ का प्रशिक्षण तहसील करैरा सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाताओं के आधार लिंक का कार्य अतिमहत्वपूर्ण है। निर्धारित समय सीमा में मतदाताओं के आधार लिंक का कार्य पूर्ण किया जाए। जो बीएलओ द्वारा आधार लिंक प्रगति शून्य है उनके विरूद्ध नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए।

संभाग स्तरीय मास्टर ट्रेनर नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, धर्मेंद्र जैन, आनंद जैन एवं प्रोग्रामर योगेश कुशवाह द्वारा अनुविभाग करेरा के समस्त बीएलओ को 16 से 18 अगस्त तक दो पारियों में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मतदाताओं को वोटर कार्ड से आधार कार्ड को लिंक करने के तरीका एवं फायदे बताये गये। सभी मतदाताओं से अपील भी की गई कि जल्द से जल्द सभी अपने वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करवा ले। इसके लिए ऑफलाइन, ऑनलाइन दोनों प्रकार की सुविधाएं दी गई हैं। सभी मतदाता अपने स्थानीय बीएलओ के पास जाकर आधार कार्ड लिंक करवा सकते हैं। मास्टर ट्रेनर द्वारा बीएलओ को बताया गया कि आधार लिंक हेतु फार्म 6 ख, नए लोगों को नाम जोड़ने प्रारूप 6, नाम हटाने हेतु फार्म 7 एवं स्थानांतरण आदि के लिए फॉर्म 8 गरुड़ ऐप से भरें और यह भी बताया कि अब परिचय पत्र नए तरीके से बनकर आ रहे हैं। जो होलोग्राम युक्त स्पष्ट फोटो वाला परिचय पत्र रहेगा। दोबारा परिचय पत्र बनाने के लिए पुराना परिचय पत्र जमा करना पड़ेगा तथा खो जाने पर एफआईआर थाने में कटवाना पड़ेगी। तभी दूसरा परिचय पत्र जारी हो सकेगा। इसलिए सभी मतदाता अपने-अपने परिचय पत्र को सुरक्षित करके ही रखें।

इस दौरान ज्यादा प्रोग्रेस करने वाले पांच बीएलओ के कार्य को कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह द्वारा आयोजित वीसी में सराहा गया। जिनमें मतदान केंद्र क्रमांक 58 अशोक करारे, 232 आनंद जैन, 197 संजेश जैन, 204 लंगूरी बादाम सिंह कुशवाह, 120 हरनाथ मौर्य तथा न्यूनतम प्रोग्रेस वाले 19 बीएलओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगे जाने की कार्यवाही की है। उनके नाम मतदान केंद्र क्रमांक 2 राम कुमार शर्मा, मतदान केंद्र क्रमांक 4 भगवान सिंह कुशवाहा, 7 बृजेश राठौर, 8 धनीराम कुशवाह, 12 सुरेश कोली, 13 जगदीश सिंह रावत, 20 रमेश परिहार, 27 राकेश भार्गव, 37 प्रेम सिंह कुशवाह, 57 राजेश कारोटिया, 130 अमित तिवारी, 132 सुदामा रावत, 144 श्याम सिंह कुसमरिया, 147 नारायणदास मौर्य, 149 राकेश आर्य, 199 राजेंद्र शर्मा, 230 भानु भार्गव, 217 हरिवंश दुबे, 220 भवदीप दुबे हैं।



# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक बिलाड़ा की ओर से विलेज लेवल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का पोस्टर का हुआ विमोचन




**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर** ः-सीरवी मोती सिंह स्टेडियम बिलाड़ा में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक कि और से बनो चैंपियन विलेज लेवल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 20 व 21 अगस्त को खेली जाएगी एयू कोच निकिता प्रजापत ने बताया हैं कि एयू बैंक के सामाजिक सरोकार कार्य के तहत खिलाड़ियों को कोचिंग करवाती हैं! स्टेडियम के कोच सुरेंद्र सिंह काग ने बताया हैं कि इसमें कुल खिलाड़ियों की संख्या 200 से बाहर हैं एथलेटिक्स प्रतियोगिता 100 मीटर,200 मीटर, 400मीटर,1500 मीटर, लम्बी कूद रखी गई हैं साथ ही टीम इवेंट में वॉलीबॉल , कबड्डी ,खो-खो, 4*100(रिले रेस), (आयु वर्गः अण्डर -10 वर्ष,13 वर्ष,17 वर्ष ) बिलाड़ा क्षेत्र के लड़के व लड़किया ने इसमें भाग लिया साथ ही फुटबॉल (आयु वर्गः अण्डर - 13 वर्ष और 17 वर्ष) लड़के ही भाग ले सकते है और थोबॉल में (आयु वर्गः अण्डर -13 वर्ष और 17 वर्ष ) वाली लड़की भाग ले सकती हैं। इस प्रतियोगिता में केवल बिलाड़ा क्षेत्र के ही लड़के व लड़किया भाग ले सकती हैं। एयू बैंक कि ओर से विजेता को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल , वांज मेडल दिया जाएगा।इसका उद्घाटन समारोह सीरवी मोती सिंह स्टेडियम में 3ः00 रखा गया । स्टेडियम के कोच ने अपील की है कि इसमें अधिक से अधिक खिलाड़ी भाग लेवे। इसमें राजस्थान सरकार की महत्वकांक्षी योजना खेल को प्रोत्साहन देने के लिए खिलाड़ी आगे बढ़ सके । ये जानकारी सचिव सुरेंद्र सिंह काग द्वारा दी गई ।

# सीवर, स्ट्रीट लाइट, पानी की समस्या का शीघ्र करें निराकरणः सभापति




ग्वालियर। सभी पार्षद शहर विकास एवं आमजन को मूलभूत सुविधायें मिले इसलिये चुनकर आये हैं और हम सभी मिलकर शहर के विकास के लिये दलगत भावना से ऊपर उठकर कार्य करेगें। निगम के अधिकारी व कर्मचारी भी पूरी ईमानदारी एवं आपसी समन्वय के साथ जनता की समस्याओं के निराकरण गंभीरता से करें। इसके साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिये हम सभी को मिलकर कार्य करना है। उक्ताशय के विचार सभापति श्री मनोज तोमर ने सभी 66 पार्षदगणों के साथ आयोजित बैठक में व्यक्त किये। बैठक में नेता प्रतिपक्ष श्री हरिपाल, एमआईसी सदस्य श्री अवधेश कौरव, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बाल भवन के टीएलसी में आयोजित बैठक में सभापति श्री तोमर द्वारा सभी पार्षदगणों की ओर से सीवर, स्ट्रीट लाइट, पानी एवं सडक इत्यादि से संबंधित मूलभूत समस्याओं को लेकर नगर निगम आयुक्त श्री कन्याल को अवगत कराया गया। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि सीवर समस्या के निराकरण के लिये प्रत्येक वार्ड के लिये दो-दो कर्मचारियों की टीम बनाई जा रही है। जिससे सीवर की समस्या का शीघ्र निराकरण हो सके। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट का कार्य कर रहे संबंधित एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाया गया है। उनके साथ भ्रमण कर शीघ्र ही समस्या का निराकरण किया जाएगा तथा आगामी समय में प्रत्येक वार्ड में दो-दो लाइन मैन एवं पांच हजार स्ट्रीट लाइटों को स्पेयर में रखने की व्यवस्था भी बनाई जाएगी। जिससे जहां भी लाइट खराब हो तत्काल लाइट रिपलेश की जा सके। इसके साथ ही क्षेत्र की छोटी-छोटी समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिये संबंधित क्षेत्राधिकारी को 25-25 हजार रूपये अग्रिम दिये जाएगें।

इसके साथ ही सभापति श्री तोमर ने निगमायुक्त श्री कन्याल से कहा कि पार्षदगणों की समस्या निराकरण के लिये एक कर्मचारी की नियुक्ति करें जिसे पार्षदगण अपनी समस्या नोट करा सकें और वह सात दिवस में उस समस्या पर क्या कार्यवाही की गई संबंधित पार्षद को अवगत कराये।

नेता प्रतिपक्ष श्री हरिपाल ने स्वच्छता को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण के वाहन यदि खराब हो जाते है, तो उनको तत्काल ठीक कराया जाए। इसके साथ ही कचरा संग्रहण करने वाले हाथ ठेले भी तत्काल ठीक कराये जाएं एवं वीरपुर कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर गाडियां दो-दो घंटे में खाली होती हैं। उन्हें जल्दी खाली कराया जाए जिससे वह क्षेत्र में ज्यादा कार्य कर सकें।

## मंत्री श्री सिलावट ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बांधो में जलभराव की समीक्षा की



ग्वालियर। प्रदेश के जल संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने मंत्रालय स्थित सिचुएशन रूम में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ प्रदेश के बांधो में जलभराव की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। बैठक में जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री एस एन मिश्रा, प्रमुख अभियंता श्री मदन सिंह डाबर व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रदेश में लगातार अलग अलग जगहों पर हो रही बारिश से बांधो में आने वाले पानी और छोड़े जाने वाले पानी के संबंध में उन्होंने जानकारी ली। मंत्री श्री सिलावट ने विभिन्न बांधों में जल भराव, जलाशयों के खोले गए गेटों की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही बाढ़-आपदा प्रबंधन की जानकारी ली।

मंत्री श्री सिलावट ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षाकाल की स्थिति को देखते हुए सभी बांधों में जल भराव की स्थिति की प्रत्येक दिन समीक्षा की जाए। बांध से पानी छोड़ते समय ध्यान रखें कि किसी तरह की जनहानि, किसानों के मवेशियों और फसलों का नुकसान न हो।

अपर मुख्य सचिव श्री मिश्रा ने बाढ़-आपदा प्रबंधन, प्रदेश के विभिन्न बाघों के जलस्तर, बांध की सुरक्षा व वर्तमान स्थिति के संबध में जानकारी दी और बताया कि सभी डैम और बड़े जलाशय पर लगातार निगाह रखी जा रही है। अधिकारियो को फील्ड में ही रहने के निर्देश दिए है इसके साथ ही मौसम विभाग से भी आगामी दिनों में होने वाली वर्षा के संबंध में भी प्रतिदिन जानकारी एकत्रित करके निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं।

## जल जीवन मिशन के तहत जिन ग्राम पंचायतों में काम पूर्ण हो गया है वहाँ विद्युत के मीटर अवश्य लगवाए जाएँ : संभाग आयुक्त श्री सक्सेना

**अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न**

ग्वालियर। जल जीवन मिशन के तहत जिन ग्राम पंचायतों में घर - घर जल पहुँचाने का काम पूर्ण हो गया है वहाँ पर विद्युत के मीटर अवश्य लगवाए जाएँ। एवरेज बिल के आधार पर बिजली का बिल जमा न करना पड़े, ऐसी व्यवस्था की जाए। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। राजस्व भवन के सभाकक्ष में आयोजित अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में विकास कार्यों के साथ-साथ जन कल्याणकारी योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा हुई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## बिना अनुमति अनाधिकृत रूप से प्रचार करने वाली दो ट्राई साइकिल को जप्त कर मदाखलत में भिजवाया




ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर की विज्ञापन शाखा द्वारा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में ट्राई साइकिल द्वारा बैनर पोस्टर लगाकर बिना अनुमति के अनाधिकृत रूप से प्रचार प्रसार किया जा रहा था। जिसको मदाखलत दल ने जप्त किया गया।

सहायक नोडल अधिकारी विज्ञापन श्री संदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता के निर्देशन में राजस्व वसूली के लिये निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत आज बिना अनुमति पोस्टर बैनर लगाकर शहर भर में घूम घूम कर दो ट्रायसाइकिल को जप्त कर मदाखलत में भिजवाया गया और संबंधित के खिलाफ नोटिस जारी किया गया।

## संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने दिलाई सदभावना की शपथ



ग्वालियर। संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने राजस्व भवन में सद्भावना दिवस की शपथ दिलायी। अधिकारियों - कर्मचारियों ने शपथ ली कि जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करेंगे। हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यम से सुलझायेंगे।

## बांधों के संधारण को लेकर सरकार गंभीर नहीं हैः विधायक डॉ. सिकरवार

### विधानसभा में प्रश्न उठाते है तो जबाब नहीं मिलते

### मैने गांधी सागर बांध का मामला उठाया था, पर जबाब नहीं मिला



ग्वालियर। ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा है कि प्रदेश के तमाम बांध जीर्ण-क्षीर्ण हालत में हैं, इनके सुधार के लिए विधानसभा में हम प्रश्न लगाते हैं। सरकार उन पर चर्चा तक नहीं करवाती है, अगर विधायकों द्वारा उठाए जाने वाले मामलों को सरकार गंभीरता से लेती तो बांधों में सुधार कराया जा सकता था। मगर सरकार के मंत्री व अफसरों की सांठ-गांठ के चलते बांधों का घटिया निर्माण करवाया जा रहा है और बांधों के सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। बैठकें करके सरकार सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ाने का काम कर रही हैं। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि मैने गांधी सागर बांध मंदसौर की मरम्मत कराए जाने का मामला विधानसभा में उठाया था, मगर आज तक कोई जबाब नहीं मिला है। मैने तारांकित प्रश्न के माध्यम से कहा था कि गांधी सागर बांध मंदसौर में बांध में डाउनट्रीम में गहरे गड्ढे हो गए है, स्पिलबे (उत्प्लव मार्ग) भी डैमेज हो गया है। इस कार्य की अविलम्ब मरम्मत नहीं कराई गई तो मध्यप्रदेश के आठ जिले श्योपुर, मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर एवं राजस्थान कोटा, सवाई माधौपुर, करौली, धौलपुर की तीस से चालीस लाख की आबादी वर्वाद हो जाएगी, शासन द्वारा कब तक कार्यवाही की जाएगी, फरवरी 2022 की स्थिति में बताई जाए। यह भी उल्लेख किया था कि गाँधी सागर के नीचे बने राजा प्रताप सागर कोटा बैराज समेत रावत भाटा न्यूक्लियर पावर प्लांट पर भी खतरा हो सकता है। बाँध टूटने या ओवररॉफटिंग से विनाशकारी परिणाम आएंगे। क्या शासन को इन खतरों की जानकारी है तो किस संस्था द्वारा शासन की भेजी गई रिपोर्ट, परिपत्र की जानकारी दी जाए।

विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि बांध की सुधार एवं मरम्मत को लेकर बांध सुरक्षा निरीक्षण पैनल व केन्द्रीय जल आयोग की सिफारसे पिछले बारह बर्षो से केन्द्रीय कार्यालयो में लम्बित पड़ी है, इस सबंध में न कोई पत्राचार होता है और न कार्यवाही। उन्होंने कहा कि गांधी सागर बांध पर खतरा मढ़रा रहा है और सरकार आंखें बंद किए बैठी है।

## अमृत परियोजना-2 में चंबल से पानी लाने की योजना बनाई जायेगी

### जनप्रतिनिधियों की बैठक में बनी सहमति



ग्वालियर। ग्वालियर शहर में अमृत परियोजना-2 के लिए डीपीआर तैयार की जाना है। इस परियोजना के माध्यम से ग्वालियर शहर में चंबल नदी का पानी लाने की योजना भी शामिल है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से गुरूवार को सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में चंबल नदी से ग्वालियर में पानी लाने की सैद्धांतिक सहमति भी दी गई। अमृत परियोजना-2 के लिये आयोजित इस बैठक में महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, विधायक श्री प्रवीण पाठक, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, अधीक्षण यंत्री पीएचई श्री आरएलएस मौर्य, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन एवं नेशनल हाईवे के अधिकारियों के साथ ही विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

बैठक में यह तय किया गया कि अमृत परियोजना-2 के तहत जो डीपीआर तैयार की जाए उसमें चंबल से ग्वालियर तक पानी लाने की योजना को शामिल किया जाए। वर्ष 2055 को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार हो। अमृत परियोजना के तहत ग्वालियर शहर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पानी की टंकियों और पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा चुका है। तिघरा के अतिरिक्त ग्वालियर में चंबल से पानी लाने के लिये योजना तैयार किया जाना अतिमहत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि ग्वालियर में चंबल से पानी लाने के प्रयास कई दिनों से किए जा रहे हैं। अमृत परियोजना के तहत कार्ययोजना तैयार कर इसे अमलीजामा पहनाया जाए। इस बैठक की सहमति के पश्चात नगर निगम की एमआईसी की बैठक में स्वीकृति उपरांत प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जायेगा।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने अमृत परियोजना-2 के तहत तैयार किए जाने वाली डीपीआर के संबंध में प्रजेण्टेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से लगभग 926 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्राप्त हो सकती है। इसके लिये डिटेल रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल चंबल नदी से पानी लाने की योजना शामिल है बल्कि पेयजल एवं पार्क निर्माण के भी काम शामिल होंगे। चंबल नदी से ग्वालियर पानी लाने की जो योजना तैयार की जायेगी उसमें 150 एमएलडी पानी चंबल से ग्वालियर लाने की व्यवस्था होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### रंग शिल्प समिति : शपथ ग्रहण रविवार 21 अगस्त को

ग्वालियर। नगर के चित्रकार एवं मूर्तिकारों की महती संस्था ÷रंग शिल्प समिति÷ की नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण रविवार 21अगस्त को शाम 4 बजे स्थानीय मानस भवन के मंत्रणा कक्ष में शपथ ग्रहण करेंगे। यह जानकारी ÷रंग शिल्प समिति के वर्तमान अध्यक्ष श्री के पी श्रीवास्तव ने दी है। उन्होने कहा कि इस अवसर पर ग्वालियर महापौर डा. श्रीमती शोभा सिकरवार कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी तथा आई टी एम विश्वविद्यालय ग्वालियर की कुलाधिपति श्रीमती रुचि सिंह चौहान कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। उल्लेखनीय है कि नगर की 'रंग शिल्प समिति' नगर में कला के प्रति समर्पित कलाकारों और मूर्तिकारों का ऐसा संगठन है, जिसमें 80 पार के वरिष्ठ कलाकारों सहित युवा पीढ़ी के प्रशिक्षित दक्ष कलाकार शामिल हैं ,जिन्होंने देश और विदेश में ग्वालियर का नाम रौशन किया है। इस बार की नव गठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य साठ वर्ष से कम आयु वाले हैं , जिनसे काफी उम्मीदें बँधी हैं। साठ वर्ष से ऊपर आयु वाले नामचीन कलाकारों को अब मार्गदर्शक मंडल में शामिल रखा गया है, ताकि उनका निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहे।

### निर्वाचन के कारण निलंबित शस्त्र लायसेंस बहाल

**अपर जिला मजिस्ट्रेट ने किए आदेश जारी**

ग्वालियर। त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन 2022 के दौरान लोक शांति और व्यवस्था बनाए रखने तथा स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु शस्त्र लायसेंस निलंबित कर लायसेंसधारियों को अपने शस्त्र संबंधित थानों में जमा करने के आदेश पारित किए गए थे। आगामी त्यौहारों एवं स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर उक्त आदेश की अवधि 16 अगस्त तक बढ़ाई गई थी। अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री इच्छित गढ़पाले ने आदेश जारी कर निलंबित समस्त आर्म्स लायसेंसियों के आर्म्स लायसेंस तत्काल बहाल करने के आदेश जारी किए हैं। अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री इच्छित गढ़पाले ने आदेश में पुलिस अधीक्षक से कहा है कि समस्त लायसेंसधारियों के लायसेंस जो थानों में जमा हैं उन्हें विधिवत वापस करने की कार्रवाई की जाए। ऐसे लायसेंस जिसके आर्म्स लायसेंस किसी अपराध के पंजीयन होने अथवा अन्य कारणों से पृथक-पृथक आदेशों से निलंबित किए गए हैं वह पूर्ववत निलंबित रहेंगे।

### गृह मंत्री डॉ. मिश्र आज स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे

ग्वालियर। प्रदेश के गृह, जेल एवं संसदीय कार्य, विधि विधायी कार्य विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र आज ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। गृह मंत्री डॉ. मिश्र 19 अगस्त को प्रातः 8 बजे डबरा से प्रस्थान कर ग्वालियर केन्द्रीय जेल पहुँचेंगे और जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल होंगे। गृह मंत्री डॉ. मिश्र प्रातः 10 बजे आईटीएम परिसर सिथौली में आईटीएम हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के समता हैल्थ कार्ड के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात ग्वालियर से दतिया जिले के लिये प्रस्थान करेंगे।

### मलेरिया - डेंगू मुक्त वार्ड बनाने के लिए एम्बेड स्वयं सेवकों के साथ वार्ड - 13 के वार्ड पार्षद ने लिया संकल्प

ग्वालियर। ग्वालियर शहर में डेंगू - मलेरिया नियंत्रण हेतु क्रियान्वित एम्बेड परियोजना के तहत संचालित कार्यक्रम यूथ इंगेजमेंट फॉर सिविक एक्शन के तहत सभी वार्डों में वार्ड स्तरीय स्टेक होल्डर कंसल्टेसन का आयोजन किया जा रहा हैं जिसका उद्देश्य वार्ड स्तर पर कार्यरत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर कर्यवाही कर वार्ड में मच्छर व डेंगू मलेरिया नियंत्रण हेतु प्रयास करना हैं। इसी क्रम में आज 18 अगस्त 2022 को वार्ड-13 में संकल्प समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिला समन्वयक एम्बेड परियोजना ने मलेरिया डेंगू व मच्छरों के नियंत्रण व रोकथाम हेतु आवश्यक जानकारी देंते हुए बताया कि हमें अपने घर तथा घर के आसपास जल भराव की परिस्थितियों को रोकना है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478